www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

//-- सुविचार --//

सिर्फ सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएं आपको कमजोर नहीं बल्कि मजबूत बनाने आती है, इसलिए समस्याओं से डरे नहीं मुकाबला कीजिए।

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, रविवार 16 जनवरी 2022, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-07 अंक-271 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

जनसेवा का जजबा तो नेताओं में अदरक की तरह कूट-कूट कर भरा होता है। जनसेवा करने के लिए वे कुछ भी कर सकते है। तू नहीं तो और सही और नहीं तो और सही की तर्ज पर टिकट के लिए वे एक पार्टी से दूसरी पार्टी में छलांग लगाने से नहीं हिचकते। भले ही कोई उन्हे अवसरवादी कहे या दलबदलू। इससे उनकी सेहर पर कोई असर नहीं पड़ता। इन आया राम गया राम का एक ही सिद्धांत होता है जिधर बम उधर हम। धन्य है ऐसे जनसेवक और धन्य है उनकी जनसेवा। महान है वे मतदाता जो इन्हे अपना रहनुमा चुनते है।

सूर्योदय

उदय : 7.14 प्रात:

अस्त : 5:42 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,920,442,900

भारत : 1,401,260,880

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी : अवकाश

गोल्ड : 51,440 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 61,600 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.91 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	23.4	16.6
बिलासपुर	19.6	15.8
जगदलपुर	26.2	17.5
अंबिकापुर	18.3	12.8

आज का दिवस

राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस

पीएम मोदी ने शनिवार को स्टार्टअप कारोबारियों के साथ संवाद करते हुए एलान किया कि अब से हर साल 16 जनवरी को 'राष्ट्रीय स्टार्ट-अप दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। मोदी ने नेशनल स्टार्ट-अप डे मनाए जाने की घोषणा करते हुए कहा कि देश के उन सभी स्टार्ट-अप को, सभी इनोवेटिव युवाओं को बहुत-बहुत बधाई, जो स्टार्टअप की दुनिया में भारत का झंडा बुलंद कर रहे हैं। गौरतलब है कि पीएम मोदी ने शनिवार को स्टार्टअप कारोबारियों के साथ संवाद करते हुए इससे जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

भूपेश सरकार 5 सालों में 15 लाख नए रोजगार के अवसर देने की बनाई योजना, सीएम होंगे अध्यक्ष

- आईआईटी, ट्रिपल आईटी, आईआईएम, एनआईटी जैसे संस्थानों की विशेषज्ञता का मिलेगा लाभ
- गोधन न्याय मिशन, टी-कॉफी बोर्ड, मछली पालन, लाख उत्पादन, रूरल इंडस्ट्रियल पार्क, मिलेट मिशन, वृक्षारोपण जैसी रोजगार मूलक गतिविधियों के बीच होगा समन्वय

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे मिशन के अध्यक्ष, पांच वर्षों के लिए तैयार हो रही कार्ययोजना

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ में आगामी पांच वर्षों में 12 से 15 लाख नये रोजगार के अवसरों का सृजन करने के लिए राज्य शासन ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता वाले छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के गठन का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव अमिताभ जैन इसके उपाध्यक्ष तथा प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला मिशन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी होंगे। लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक सहित विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी इसके सदस्य होंगे।

राज्य में विगत 3 वर्षों में सभी जिलों में रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनेक अभिनव कार्यक्रम आरंभ किये गये हैं, जिनसे बड़ी संख्या में रोजगार के स्थाई अवसरों का सृजन हुआ है तथा लोगों की आय एवं जीवन स्तर में सुधार हुआ है। छत्तीसगढ़ हर्बल्स की पहल के साथ ही गोधन न्याय मिशन, टी-कॉफ ी बोर्ड, मछलीपालन एवं लाख उत्पादन को कृषि का दर्जा देने, रूरल इंडस्ट्रियल पार्क, मिलेट मिशन तथा वाणिज्यिक वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य में रोजगार के नये अवसरों के सृजन की असीमित संभावनायें है।

मिशन के माध्यम से नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों के साथ उक्त नवीन कार्यक्रमों का समन्वय स्थापित किया जाएगा। साथ ही राज्य में स्थित आईआईटी., ट्रिपल आईटीआईआईएम, एनआईटी जैसे अन्य संस्थानों की विशेषज्ञता का रोजगार के नये अवसरों के सृजन में लाभ लिया जाएगा।

मिशन के अन्य सदस्य संचालक उद्योग, संचालक तकनीकी शिक्षा, रोजगार एवं प्रशिक्षण, संचालक मत्स्य पालन, प्रबंध संचालक ग्रामोद्योग, हस्त शिल्प विकास बोर्ड, खादी बोर्ड, प्रबंध संचालक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोधन न्याय मिशन होंगे।

मिशन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आलोक शुक्ला को राज्य शासन ने एक माह के भीतर मिशन के संबंध में कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है।

बीजेपी ने 'स्वामी फैक्टर' की निकाली काट

उतारे 60% से ज्यादा ओबीसी-दलित उम्मीदवार

लखनऊ (ए.)। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने विधानसभा चुनाव के पहले उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने पहले और दूसरे फेज के लिए 107 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। भगवा दल ने जहां 20 फीसदी विधायकों के टिकट काटे हैं तो 10 सीटों पर महिला उम्मीदवारों को उतारा है। इसके अलावा पार्टी ने दलितों और पिछड़ों पर भी बड़ा दांव खेला है। हाल ही में तीन मंत्रियों समेत कई ओबीसी उम्मीदवारों के पार्टी छोड़ने के बाद भाजपा ने 60 फीसदी से अधिक सीटों पर दलित और पिछड़ों को टिकट दिया है।

बीजेपी ने जिन उम्मीदवारों की घोषणा की है उनमें 57 पहले फेज में चुनाव लड़ेंगे तो 48 उम्मीदवार दूसरे फेज के लिए हैं। पार्टी ने 44 सीटों पर ओबीसी उम्मीदवारों को उतारकर 'स्वामी' फैक्टर की काट निकालने की कोशिश की है। इसके अलावा 19 सीटों पर अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है।

नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में शनिवार को केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। भाजपा ने तमाम अटकलों को गलत साबित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अयोध्या या मथुरा की बजाय उनके पुराने गढ़ गोरखपुर शहर से ही चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सिराथू सीट से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। भाजपा ने उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल बेबी रानी मौर्य को आगरा (ग्रामीण) से उम्मीदवार बनाया है। जाटव दलित समुदाय से आने वालीं मौर्य पहले भी एक बार विधानसभा चुनाव लड़ चुकी हैं। हालांकि, तब उन्हें सफ लता नहीं मिली थी।

ओबीसी-दलित वोट साधने की कोशिश

भाजपा को 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव में अभूतपूर्व सफलता मिली थी। पार्टी 403 विधानसभा सीटों में से 300 से अधिक पर कमल खिलाने में कामयाब रही थी। माना जाता है कि उस समय बीजेपी को ओबसी और दलित मतदाताओं का काफी साथ मिला था। लेकिन हाल ही में जिस तरह कई ओबीसी नेताओं ने भाजपा से किनारा किया, उसके बाद भगवा कैंप की चिंता बढ़ गई थी। सपा में शामिल होने के बाद शुक्रवार को स्वामी प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव की मौजूदगी में चुनाव को अगड़ों और पिछड़ों की लड़ाई बताने की भरपूर कोशिश की। उन्होंने यहां तक कहा कि सरकार 85 फीसदी पिछड़े बनाते हैं और मलाई 15 फीसदी अगड़े खाते हैं। ऐसे में भाजपा ने अधिकतर सीटों पर ओबीसी-दलित उम्मीदवारों को उतारकर बड़ा दांव चल दिया है। माना जाता है कि राज्य की आबादी में करीब 45 फीसदी हिस्सेदारी ओबीसी की है।

कांग्रेस ने पंजाब के उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की

चमकौर से चन्नी और अमृतसर ईस्ट से सिद्धू

अमृतसर (ए.)। पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने शनिवार को 86 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी. मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी चमकौर साहिब से चुनाव मैदान में होंगे जबकि अमृतसर पूर्व से नवजोत सिंह सिद्धू चुनाव लड़ेंगे. इसके अलावा डिप्टी सीएम सुखजिंदर सिंह रंधावा डेरा बाबा नानक सीट से चुनाव लड़ेंगे. वहीं, हाल ही में कांग्रेस ज्वाइन करने वाली मालविका सूद मोगा से कांग्रेस की प्रत्याशी होंगी. मालविका सूद एक्टर सोनू सूद की बहन हैं.

वोटरों को पहली बार नियमों की पर्ची दी जाएगी. पंजाब में चुनाव के समय में एक घंटे का इजाफा किया गया है. मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा ने इसकी घोषणा की. उन्होंने बताया कि चुनाव में धांधली रोकने के लिए सुविधा ऐप बनाया गया है. राजनीतिक दल इसका उपयोग कर सकेंगे. इस बार उम्मीदवार इस ऐप के जरिए ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं.

पंजाब में एक चरण में 14 फरवरी को डाले जाएंगे वोट

पंजाब में एक चरण में वोटिंग होगी. राज्य के सभी 117 सीटों पर 14 फरवरी को मतदान होगा. वहीं वोटों की गिनती 10 मार्च को की जाएगी. पंजाब में चुनाव के लिए नोटिफिकेशन 21 जनवरी को जारी होगा. 28 जनवरी तक नामांकन कर सकेंगे, 29 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी. 31 जनवरी तक नाम वापस लिए जा सकेंगे. 10 मार्च को चुनावों के नतीजे आएंगे. पंजाब में 117 विधानसभा सीटों में से 34 सीटें आरक्षित हैं.

ईडी की बड़ी कार्रवाई

ओमकार ग्रुप और फिल्म निर्माता सचिन जोशी की 410 करोड़ की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली (ए).। प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने धोखाधड़ी के एक मामले में ओमकार ग्रुप के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने ओमकार समूह और सचिन जोशी की करोड़ों की संपत्ति को कुर्क किया है। लोन फ्रॉड केस में केंद्रीय एजेंसी ने पीएमएलए 2002 के तहत 410 करोड़ रुपये की संपत्तियों को जब्त किया है।

ईडी के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि लगभग 330 करोड़ रुपये के फ्लैट्स को बिक्री भवन के टॉवर सी यानि ओमकार 1973 के वर्ली में मेसर्स ओमकार समूह और एक कंपनी से संबंधित लगभग 80 करोड़ रुपये मूल्य के पुणे के विरम में स्थित एक खुली भूमि को अटैच किया है। यह सचिन जोशी के स्वामित्व में है। ईडी ने सिटी चौक पुलिस स्टेशन, औरंगाबाद द्वारा 2020 में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की थी।

ईडी ने जांच के दौरान पाया कि मेसर्स सुराणा डेवलपर्स वडाला, एलएलपी, मेसर्स ओआरडीपीएल की एक सहयोगी संस्था, झुग्गी-झोपड़ी में रहने वालों की संख्या और एफएसआई के माध्यम से धोखाधड़ी से 410 करोड़ रुपये की ऋण राशि हासिल की थी। 410 करोड़ रुपये में से ओमकार समूह के बिक्री भवन में 330 करोड़ रुपये की मनी लॉड्रिंग किया गया। सेवाओं और निवेश की आड़ में सचिन जोशी और उनके वाइकिंग समूह की कंपनियों के माध्यम से लगभग 80 करोड़ रुपये की राशि का लॉड्रिंग किया गया।

एक साल से जारी है कार्रवाई

ईडी लोन फ्रॉड केस को लेकर पिछले साल जनवरी से छानबीन कर रही है। इस मामले में ईडी ने मेसर्स ओआरडीपीएल के प्रबंध निदेशक बाबूलाल वर्मा, मेसर्स ओआरडीपीएल के अध्यक्ष कमल किशोर और सचिन जोशी को गिरफ्तार किया था। ईडी ने पहले 26 मार्च 2021 को मामले में मुंबई में सत्र न्यायालय के समक्ष अभियोजन शिकायत दायर की थी।

तिरंगे को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं, केंद्र सरकार ने राज्यों को जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय (एमएचए) ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तिरंगे का सम्मान सुनिश्चित करने के लिए एक सलाह भेजी है। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और खेल आयोजनों के अवसरों पर इवेंट के बाद जनता द्वारा लहराए गए कागज से बने राष्ट्रीय ध्वज को न तो तोड़ा जाए और न ही जमीन पर फेंका जाए।

गणतंत्र दिवस समारोह से पहले शुक्रवार को जारी एडवाइजरी में गृह मंत्रालय ने भारतीय ध्वज संहिता के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया है।

एडवाइजरी में कहा गया है कि भारतीय राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है और इसलिए इसे सम्मान की स्थिति में होना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज के लिए सार्वभौमिक स्नेह, सम्मान और निष्ठा है। मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन पर लागू होने वाले कानूनों, प्रथाओं और सम्मेलनों के संबंध में लोगों के साथ-साथ सरकार के संगठनों/एजेंसियों के बीच जागरूकता की एक स्पष्ट कमी अक्सर देखी जाती है।

भारतीय ध्वज संहिता के अनुसार, महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और खेल आयोजनों के अवसरों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नन रेप कांड में आरोपी बिशप के बरी होने पर उठे सवाल

- सुप्रीम कोर्ट के वकील बोले- भ्रष्टाचार से इनकार नहीं

कोट्टायम (ए.)। केरल की कोर्ट ने एक नन से तीन साल में 13 बार दुष्कर्म के आरोपी कैथोलिक बिशप फ्रैंको मुलक्कल (57) को शुक्रवार को बरी कर दिया। फैसले के इंतजार में शुक्रवार सुबह से कोट्टायम जिला कोर्ट परिसद में बड़ी संख्या में लोग जुटे थे। सुबह 11 बजे अतिरिक्त जिला जज जी. गोपाकुमार ने कहा, बिशप फ्रैंको मुलक्कल को कोट्टायम कॉन्वेंट की नन की ओर से लगाए गए दुष्कर्म के आरोपों का दोषी नहीं पाया गया। इतना सुनते ही कोर्ट में मौजूद लोग एक-दूसरे को देखते रह गए। किसी को भरोसा नहीं हुआ की बिशप को बरी कर दिया गया है।

विशेष जांच दल ने अप्रैल 2019 में 2,000 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल किया था। नवंबर 2019 में सुनवाई शुरू हई। 105 दिन चली सुनवाई से 39 गवाहों से पूछताछ हुई। इसके बावजूद आरोपी बिशप बरी कर दिया गया। प्रारंभिक रिपोर्टों की मानें तो वैज्ञानिक सबूतों की कमी के कारण उन्हें बरी कर दिया गया। फैसले के बाद पीड़िता की एक सहयोगी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विराट कोहली ने टेस्ट कप्तानी छोड़ने का किया एलान

- द. अफ्रीका से टेस्ट सीरीज हारने के बाद बड़ा फैसला

नई दिल्ली। विराट कोहली ने ट्विटर पर एक पोस्ट शेयर करते हुए टेस्ट टीम की कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने टी-20 वर्ल्ड कप से ठीक पहले टी-20 टीम की कप्तानी छोड़ी थी, जबकि वनडे टीम की कप्तानी से उन्हें हटा दिया गया था। उन्होंने फैसला साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार के अगले दिन ट्विटर पर इस बात की घोषणा की है।

कोहली ने ट्विटर पर लिखा, 'मैंने सात साल की मेहनत, और संघर्ष से टीम को सही दिशा में ले जाने की कोशिश कीं। मैंने अपना काम पूरी ईमानदारी के साथ किया है। और मैंने अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ी। हर चीज को कभी न कभी रुकना होता है। और मेरे लिए भारत की टेस्ट कप्तानी को छोड़ने का यही वक्त है।'

उन्होंने लिखा, 'इस सफर में कई उतार-चढ़ाव आए हैं, लेकिन मेरी कोशिशों और भरोसे में कभी कमी नहीं आई।' विराट के ट्वीट पर बीसीसीआई ने भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान का शुक्रिया अदा किया है। बोर्ड ने ट्वीट किया है, 'BCCI टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली को उनकी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सेना दिवस... 74वां सेना दिवस, पीएम-राष्ट्रपति ने शुभकामनाएं दीं

300-400 आतंकी घुसपैठ की ताक में : आर्मी चीफ नरवणे

नई दिल्ली (ए.)। शनिवार को 74वां भारतीय थल सेना दिवस है। इस अवसर पर दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में परेड आयोजित की गई। सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने इस परेड का निरीक्षण किया। नरवणे ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देने की अपनी आदत से लाचार है। सीमा पार प्रशिक्षण शिविरों में तकरीबन 300-400 आतंकवादी घुसपैठ करने के अवसर की तलाश में बैठे हैं। सरहद पार से ड्रोन द्वारा हथियारों की तस्करी की कोशिश भी जारी है।

सेना दिवस पर सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, कोविड महामारी के दौरान पड़ोसी देशों के साथ हमारा आपसी सहयोग और बढ़ा है। संयुक्त राष्ट्र पीसकीपिंग ऑपरेशन में भारतीय सेना का महत्वपूर्ण योगदान हमेशा रहा है। हमारे सेना के आज भी 5,000 से ज्यादा सैनिक विभिन्न पीसकीपिंग मिशन में तैनात हैं, जो देश को अलग पहचान दे रहे हैं।

फील्ड मार्शल के एम करियप्पा के भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर इन चीफके रूप में कार्यभार संभालने की याद में हर साल 15 जनवरी को सेना दिवस मनाया जाता है। करियप्पा ने 1949 में भारतीय सेना के अंतिम शीर्ष ब्रितानी कमांडर से यह पदभार ग्रहण किया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना दिवस पर भारतीय सेना की सराहना की। मोदी ट्वीट करके कहा, भारतीय सेना के जवान दुर्गम इलाकों में सेवाएं देते हैं और राष्ट्रीय आपदा समेत मानवीय संकट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राष्ट्रपति कोविंद बोले- देश सेना की सेवा के लिए आभारी

ऑराष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने में भारतीय सेना की अहम भूमिका रही है और देश उनकी सेवा के लिए उनका आभारी है। कोविंद ने सेना दिवस पर मौजूदा और सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जवानों ने देश की सीमाओं की रक्षा करने और शांति बनाए रखने के दौरान पेशेवर रवैये, कुर्बानी और बहादुरी का परिचय दिया।

अब 'ट्रेन मैनेजर' के नाम से जाने जाएंगे रेलवे के गाड

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला किया है। लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करते हुए 'गार्ड' के पद को 'ट्रेन मैनेजर' का नाम दे दिया है। रेल मंत्रालय ने कहा कि मान्यता प्राप्त संघों के परामर्श से रेलवे बोर्ड में पदनाम के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया था। मंत्रालय ने कहा कि 'ट्रेन मैनेजर' का नया पदनाम उनके मौजूदा कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के अनुरूप अधिक है। साथ ही कर्मचारियों के प्रेरणा स्तर में सुधार का भी दावा किया।

संजीवनी बनीं महतारी, एंबुलेंस में ही गूंजी किलकारी

एंबुलेंस कर्मियों की सूझबूझ ने प्रसूता और बच्चे को बचाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रसूता महिलाओं के साथ ही नवजात को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया जा रहा है। संस्थागत प्रसव को सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने के हर संभव प्रयत्न के क्रम में महतारी एक्सप्रेस 102 एंबुलेंस सेवा में ना सिर्फ प्रसूता को अस्पताल और अस्पताल से घर की सुविधा दी जा रही है ,बल्कि एंबुलेंस कर्मियों की सूझबूझ और अथक प्रयास से जच्चा और बच्चा को नई जिंदगी भी मिल रही है।

सिम्स पहुंचने के पहले ही एंबुलेंस में हुआ प्रसव- 10 जनवरी 2022 को महतारी एक्सप्रेस 102 सेवा के कॉल सेंटर से लेबर पेन का केस बिलासपुर जिला अस्पताल के पास आया। उस समय ईएमटी निकिता देवांगन और कैप्टन सुदीप पुरी गोस्वामी ड्यूटी पर थे। वह विद्यासार गांव के तखतपुर ब्लॉक से 22 वर्षीय प्रसूता को महतारी एक्सप्रेस में बिठाकर सिम्स मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना हुए। प्रसूता का यह दूसरा प्रसव था और उसकी हालत भी गंभीर थी क्योंकि बेबी के गले में नाल मुड़ी हुई थी। रास्ते में लेबर पेन काफी बढ़ने लगा और प्रसूता की हालत भी खराब होने लगी। ऐसे में एंबुलेंस चालक ने वाहन को तेज भी किया ताकि जल्द से जल्द महिला को सिम्स अस्पताल पहुंचाया जा सके। लेकिन प्रसव पीड़ा काफी तीव्र थी इसलिए एंबुलेंस कर्मियों के पास जच्चा और बच्चा को बचाने के लिए एंबुलेंस में ही प्रसव करवाने के सिवाय दूसरा कोई विकल्प नहीं था। अतः सिम्स अस्पताल से कुछ दूरी पर ही एंबुलेंस को रोककर ईएमटी एवं कैप्टन ने अपनी सूझबूझ से सफल प्रसव कराया, जिसमे प्रसूता तुलसीबाई वैष्णव ने बालक को जन्म दिया जिसका वजन 3 किग्रा था। सफल प्रसव के बाद जच्चा- बच्चा दोनों को सिम्स मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

एंबुलेंस कर्मियों ने बचाई जच्चा और बच्चा की जान

सितंबर 2021 को अंबिकापुर जिले के चंदुरा से 102 कॉल सेंटर पर कॉल आया। उस समय ड्यूटी पर ईएमटी ज्ञान प्रकाश थे। उन्होंने फौरन प्रसव पीड़ित महिला को उप स्वास्थ्य केन्द्र चंदुरा के लिए एंबुलेंस में लेकर रवाना हुई। प्रसूता महिला को रास्ते में ही अत्यधिक प्रसव पीड़ा होने लगी तो प्रसव एंबुलेंस मे ही करवाना पड़ा। सुरक्षित प्रसव के पश्चात महिला और बच्चे की स्थिति ठीक थी, उन्हें 102 महतारी एंबुलेंस कि सहायता से उप स्वास्थ्य केंद्र चंदुरा में भर्ती कराया गया।

स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति बढ़ा विश्वास

ग्राम चंदुरा की 22 वर्षीय सलवंती एवं विद्यासागर गांव की तुलसी ने बताया सरकारी सेवाओं विशेषकर एंबुलेंस सेवा पर उन्हें पहले विश्वास नहीं होता था। लेकिन प्रसव पीड़ा के दौरान एंबुलेंस कर्मियों की सूझबूझ और अथक प्रयास से हमें जीवन दान मिला है। ईश्वर का धन्यवाद करते हैं कि मैं और मेरा बच्चा दोनों ही सुरक्षित हैं।

2013 में महतारी एक्सप्रेस सेवा की शुरूआत

शिबू कुमार जनसंपर्क अधिकारी महतारी एक्सप्रेस 102 ने बताया 23 अगस्त 2013 से गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैय्या कराने के लिए 102 महतारी एक्सप्रेस सेवा शुरू हुई। वर्तमान में प्रदेश के 28 जिलों में 324 एंबुलेंस के माध्यम से सेवाएं दी जा रही हैं। एंबुलेंस कर्मी ना सिर्फगर्भवती महिलाओं या प्रसूताओं की देखरेख करते हुए उन्हें घर से अस्पताल या अस्पताल से घर पहुंचाते हैं। बल्कि कई बार विषम परिस्थितियों में एंबुलेंस में ही प्रसव करवाकर जच्चा और बच्चे की जान बचानी पड़ती है। महतारी एक्सप्रेस सेवा की शुरूआत से दिसंबर 2021 तक 15.03 लाख गर्भवती महिलाओं को घर से अस्पताल, 18.52 लाख को अस्पताल से घर पहुंचाया गया है। वहीं 5.02 लाख एक वर्ष तक के शिशुओं को स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध कराई और गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व सामान्य जांच के लिए 10.53 लाख को घर से अस्पताल एवं अस्पताल से घर पहुंचाया है।

बाइक को तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, 2 की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत होने की खबर है। उक्त दोनों युवक काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर जान चली गई। घटना देर रात सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मंगला में हुई है। मृतक युवक रतनपुर थाना क्षेत्र के रानीगांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। रतनपुर थाना क्षेत्र के रानीगांव के रहने वाले मोहन देवांगन और जावेद खान बिलासपुर के एक बार में काम करते थे। मोहन ने कुछ महीने पहले ही लव मैरिज की थी, जिसके बाद से वह बिलासपुर के कुदुदंड में किराए के मकान में रहने लगा था, लेकिन जावेद गांव से ही आना-जाना करता था। बीती रात बार का खत्म होने के बाद करीब 1.30 बजे दोनों बाइक पर सवार होकर मोहन के

घर कुदुदंड लौट रहे थे। मंगला के पास पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को सिम्स अस्पताल की मरच्युरी भिजवाया। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपी वाहन चालक की तलाश कर रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

न्यूज गैलरी

नव प्रवेशित छात्र, शिक्षक व पालक समागम सह कार्यशाला का किया गया आयोजन

कांकेर/नवप्रदेश। कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सिंगारभाट में शैक्षणिक सत्र 2021-22 में प्रवेशित बीएससी कृषि प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ''विद्यार्थी, शिक्षक एवं पालक समागम सह कार्यशाला'' आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वनसंरक्षक वन मण्डल कांकेर सुरेश प्रसाद पैकरा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. देवशंकर, कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू, ऑनलाईन माध्यम से उप संचालक कृषि एनके नागेश, उद्यान के सहायक संचालक डॉ. व्हीके गौतम, सहायक संचालक कृषि सूरज पंसारी द्वारा किया गया। वनमण्डल कांकेर के वनसंरक्षक सुरेश प्रसाद पैकरा ने छात्रों को लक्ष्य साधकर अध्ययन के साथ-साथ प्रतियोगिता परीक्षा एवं रोजगार मूलक कार्यों को साथ-साथ करने के लिए प्रेरित किया। डीडीए एनके नागेश ने कहा कृषि के क्षेत्र में रोजगार की संभावना एवं छात्र जीवन से ही अपना एक अलग पहचान बनाना है, जिससे स्वयं के साथ-साथ दूसरों को रोजगार दे सकें। उद्यान सहायक संचालक डॉ. व्हीके गौतम ने कहा कि कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी में फूलों की व्यवसायिक खेती फल एवं सब्जियों की बाजार मांग आधारित व्यवसाय कर अपने को सशक्त बना सकते हैं। कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सिंगारभाट के अधिष्ठाता डॉ. देवशंकर ने प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं से कहा कि कृषि शिक्षा के बाद कृषि के क्षेत्र में रोजगार के आपार संभावना है, कृषि शिक्षा लेकर स्नातक एवं उच्च शिक्षा के साथ-साथ स्वयं के रोजगार भी शुरू कर सकते हैं। प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि शिक्षा हासिल कर कृषि के साथ-साथ उच्च संस्थानों में प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से प्रवेश हासिल कर सकते हैं।

संभागायुक्त डॉ. अलंग अवकाश पर, अपर आयुक्त को मिला प्रभार

बिलासपुर/नवप्रदेश। संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग तीन सप्ताह के अवकाश पर हैं। इस अवधि में अपर आयुक्त केएल चैहान संभाग आयुक्त के प्रभार पर हैं।

प्रतिबंधित पॉलीथीन रखने पर दुकान संचालक से निगम ने वसूला जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के सिविल लाईन क्षेत्र में एक दुकान संचालक के खिलाफ नगर निगम ने प्रतिबंधित पॉलीथीन रखने पर कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूला। जोन कार्यपालन अभियंता लोकेश चंद्रवंशी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी चंद्रशेखर श्रीवास्तव की उपस्थिति में जोन 4 के सिविल लाईन वार्ड के सिविल लाईन्स क्षेत्र में एक दुकान का निरीक्षण किया। उसमें प्रतिबंधित पॉलीथीन मिलने की जनशिकायत सही मिली इस पर जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संबंधित दुकान संचालक मोहन को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए स्थल पर तत्काल 500 रूपये का जुर्माना वसूला एवं प्रतिबंधित पॉलीथीन जप्त किया।

राज्यपाल से छग ओलंपिक संघ के महासचिव ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से राजभवन में छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव गुरूचरण सिंह होरा ने भेंट की और राज्यपाल को अपनी सुपुत्री के सगाई कार्यक्रम में आने के लिए निमंत्रण दिया। श्री होरा ने राज्यपाल को बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षि कश्यप और मालविका की उपलब्धि के बारे में जानकारी दी और बताया कि वे छत्तीसगढ़ से जुड़ी हुई है, उन्होंने हाल ही में बैडमिंटन खेल में उल्लेखनीय उपलब्धि सफलता हासिल की है। राज्यपाल ने उन खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। वहीं राजभवन में स्वामी अभिषेक ब्रम्हचारी ने सौजन्य मुलाकात की। राज्यपाल ने उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर रोहित सिंह उपस्थित थे।

युवाओं व बच्चों की मांग पर लगेंगे ओपन जिम, 20 उद्यानों का होगा उन्नयन

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर विधायक शैलेष पांडेय की मांग पर डीएमएफ निधि से एक करोड़ की राशि खर्च कर 20 उद्यानों में ओपन जिम स्थापना होने जा रहा है, शहर के पार्क में बहुत अधिक संख्या में लोग टहलने आते हैं। यह स्थापना बिलासपुर शहरवासियों की सेहत का ख्याल रखने के लिए की जा रही है। नगर विधायक शैलेष पाण्डेय ने कहा कि शहर की चारों दिशाओं में बने उद्यानों में इस राशि से ओपन जिम लगाए जाएंगे। इन गार्डन के आसपास रहने वाले लोगों को इसका फायदा मिलेगा। ओपन जिम शुरू होने से बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं व बच्चों को काफी फायदा होगा। खुले में व्यायाम करने से स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। सेहत बनाने और तनाव दूर करने के लिए लोग सुबह और शाम पार्कों में टहलने जाते हैं। इसके साथ ही बच्चों और युवाओं का व्यायाम और कसरत हो जाए इसके उद्देश्य से ओपन जिम लगाया जा रहा है। जिसमें बच्चों के खेलने के साथ ही युवा कसरत भी कर सकेंगे। ओपन जिम का फायदा यह होगा कि शुद्ध वातावरण के बीच कसरत करने का मौका मिल सकेगा। शहर के इन उद्यानों में स्थापित होंगे ओपन जिम रू- नेहरू नगर उद्यान, स्वर्गीय बीआर यादव उद्यान बृहस्पति बाजार, स्वामी विवेकानंद उद्यान (कंपनी गार्डन), कोन्हेर गार्डन, कस्तूरबा नगर उद्यान, पोस्ट मैट्रिक आदिवासी छात्रावास जरहाभाठा, नागदौने कॉलोनी उद्यान व्यापार विहार रोड, बापू की कुटिया उद्यान गीतांजलि नगर तालापारा, विनोबा नगर उद्यान क्रांति नगर, प्रियदर्शनी नगर उद्यान शिव मंदिर के पास, डीपूपारा तालाब उद्यान तारबहार, बोहरा उद्यान खपरगंज, राजीव प्लाजा उद्यान, मटरू उद्यान साव धर्मशाला के सामने, श्रमिक स्कूल के पीछे उद्यान बसंत भाई पटेल नगर, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला दयालबंद, धान मंडी उद्यान तोरवा, बंधवा तालाब उद्यान शंकर नगर, जोगी कॉलोनी उद्यान इमलीभाटा, नूतन कॉलोनी उद्यान सरकंडा के नाम शामिल है।

नियमों की उड़ाई जा रही है धज्जियां लॉकडाउन का नहीं हो रहा पालन

रामानुजगंज/नवप्रदेश। कलेक्टर के आदेश अनुसार शनिवार को लॉकडाउन लगाया गया है परंतु कुछ होटल संचालक द्वारा अफसरों के संरक्षण में बेधड़क दुकान खोल कर कलेक्टर के आदेश की धज्जियां उड़ाने में लगे हैं। रसूखदार होटल संचालकों को हॉटल संचालित कर देख अन्य व्यवसायियों ने शिकायत भी की। बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे तमाम आला अफसरों की कार्यशैली को लेकर उंगली खड़ी हो रही। एक तरफ संक्रमण रोकने कलेक्टर आदेश जारी कर रहे तो दूसरी ओर उनके आदेश की खुलेआम माखौल उड़ाया जा रहा। ताज्जुब की बात है कि कलेक्टर भी इस मामले में संज्ञान नहीं ले रहे। ऐसे में सवाल यह है कि क्या यह आदेश केवल गरीब तबके के व्यवसायियों के लिए है।

युकां ने मास्क वितरण कर जनजागरण अभियान चलाया

कांकेर/नवप्रदेश। प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष पूर्णचंद पाढ़ी (कोको), जिला अध्यक्ष कांकेर पंकज राज वादवाणी के निर्देशानुसार और विधानसभा अध्यक्ष शिवांकित श्रीवास्तव के मार्गदर्शन से शहर अध्यक्ष सत्यार्थ करायत के नेतृत्व में कांकेर के पुराने बस स्टैंड और बाजार में लोगों को मास्क बांटा और लोगों से अपील की वो जब भी बाहर निकले सार्वजनिक जगह में जाए

तो मास्क अवश्य लगाएं और कोविड नियम का अच्छे से पालन करें जिसमें मुख्य रूप शहर उपाध्यक्ष आदर्श गुप्ता, इमरान मेमन, अबिद रजा शहर महासचिव पवन कागे, अभिषेक, निमेश मेहरा, बंटी तेलाशी, विकी चौरसिया विधानसभा महासचिव तौहीद खान शहर सचिव राहुल गिडलनी, विजय सेन शहर सह सचिव रिज़्जु, एजाज और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

जिपं सीईओ ने पंचायत सचिव को किया बर्खास्त

बेटे को मटेरियल सप्लायर बताकर 11.5 लाख का किया भुगतान

बिलासपुर/नवप्रदेश। पंचायत सचिव अशोक कुर्मी को बिलासपुर में शौचालय निर्माण के नाम पर करोड़ों रुपए का घोटाला करने पर जिला पंचायत के सीईओ ने बर्खास्त कर दिया। सचिव ने कागजों में शौचालय बनाकर लाखों रुपए का फर्जी बिल बनाकर भुगतान कर लिया। यह घोटाला सामने आने पर मामले की जांच कराई गई थी। साथ ही उसने अपने ही बेटे को मटेरियल सप्लायर बताकर 11 लाख 53 हजार रुपए का भुगतान भी किया।

मटियारी ग्राम पंचायत के सचिव अशोक कुर्मी के शौचालय निर्माण के नाम पर फर्जीवाड़ा करने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत मटियारी में सर्वे सूची के हिसाब से सिर्फ 80 शौचालय बनाए जाने थे। लेकिन, विभिन्न मदों से पंचायत सचिव ने रोकड़ पंजी में 640 शौचालय का खर्च बता दिया। मटेरियल सप्लायर के नाम फर्जी बिल भुगतान, अपने बेटे को लाभ, फर्जी मस्टर रोल, पेंशन में गड़बड़ी कर 2 करोड़ 9 लाख 68 हजार 917 रुपए ही हेराफेरी की है।

जिला पंचायत सीईओ हरिस एस. ने मामले की जांच के लिए दीपक शर्मा व दीपक घोष को जांच अधिकारी बनाया था। दोनों जांच अधिकारियों के जांच के दौरान पता चला कि ग्राम पंचायत में 14वें वित्त, डीएमएफटी, गौण खनिज और एलओबी मद से 154 शौचालय पूर्ण,137 शौचालय अपूर्ण और 157 शौचालय अधूरा बताया गया। दस्तावेजों में खर्च के हिसाब से 820 शौचालय बनाए गए हैं। जांच में 29 शौचालय ही मिले। जबकि 529 शौचालय कागजों में बनाकर 63 लाख 46 हजार 948 रुपए को सचिव ने हड़प लिया। जांच में 291 शौचालय के 71 लाख 68 हजार 948 रुपए की गड़बड़ी मिली है। इसी तरह शौचालय निर्माण में ही नहीं बल्कि शौचालय निर्माण के लिए मटेरियल सप्लायर के फर्जी बिल,कैश बुक में भी गड़बड़ी है, पेंशन में गड़बड़ी कर सरकारी रुपयों का बंदरबाट करने का मामला सामने आया है।

पंचायत सचिव अशोक कुर्मी ने अपने बेटे लोकेश कुर्मी को मटेरियल सप्लायर की दुकान खोलवा लिया। उसकी दुकान से मटेरियल खरीदी करना बताकर उसने 11 लाख 53 हजार 500 रुपए मटेरियल सप्लाई का भुगतान कर दिया। जांच के दौरान पंचायत सचिव के बेटे का बयान लिया गया, तब उसने बताया कि उसकी कोई दुकान ही नहीं है। वह सिर्फ मटेरियल सप्लाई का काम करता है। पंचायत सेवा अधिनियम के अनुसार पद पर रहते हुए व्यवसाय लाभ देने के पूर्व सक्षम अधिकारियों को इसकी जानकारी देना अनिवार्य है। लेकिन पंचायत सचिव ने ऐसा नहीं किया।

जांच में ग्राम पंचायत खैरा-लगरा के सचिव उत्तरा सूर्यवंशी को 4 लाख 54 हजार रुपए का भुगतान करना, शौचालय निर्माण में 71लाख 68 हजार 948 रुपए, विभिन्न फर्मों के नाम से 33 लाख 48 हजार 500 रुपए फर्जी भुगतान, 66 लाख 20 हजार 657 रुपए फर्जी भुगतान, 1लाख 72 हजार 910 रुपए अपने पौत्र को भुगतान, 4 हजार 700 रुपए पेंशन में गड़बड़ी , 1 लाख 73 हजार 692 फर्जी मस्टर रोल में गड़बड़ी , 36000 रुपए निकाल कर जमा नहीं करना, 17 लाख 25 हजार रुपए चेक से भुगतान में अनियमितता, 47 हजार 900 रुपए खर्च कर भुगतान का विवरण नहीं, 1 लाख 10 हजार रुपए कैशबुक में मटेरियल सप्लाई का फर्जीवाड़ा, दस्तावेज में 35 हजार रुपए खर्च की राशि का उल्लेख नहीं, उर्मिला अग्रहरि के लेटरपेड में बिल भुगतान 1 लाख 80 हजार रुपए, 9 हजार रुपए साखन दर्वे के फर्जी विज्ञापन व्यय, 20 हजार रुपए वंदना यादव कंप्यूटर ऑपरेटर के नाम फर्जी भुगतान, 30 हजार रुपए गौण खनिज मद भुगतान प्रमाणित नहीं, 610 संपत्ति कर की रसीद काट कर गड़बड़ी, 3 लाख 12 हजार रुपए समग्र विकास सीसी रोड देयक के नाम पर गड़बड़ी, 30 हजार रुपए अमन श्रीवास सीसी रोड बिल भुगतान, 2 लाख 10 हजार रुपए संदीप तिवारी सीसी रोड बिल फर्जी भुगतान समेत 2 करोड़ 9 लाख 68 हजार 917 रुपए की गड़बड़ी उजागर हुई है।

बालको यूनिट के विश्वस्तरीय एल्यूमिनियम उत्पादन से खुल रहे नए संभावनाओं के द्वार

बालको नगर/नवप्रदेश। भारत के प्रमुख एल्यूमिनियम उत्पादक भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने साढ़े पांच दशकों की अपनी विकास यात्रा में उत्पादन, उत्पादकता, अनुसंधान एवं विकास, गुणवत्ता आदि क्षेत्रों में नए प्रतिमान तो गढ़े ही है, अपने से प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से जुड़े लोगों के जीवन को सामुदायिक उत्तरदायित्व कार्यक्रमों के जरिए सकारात्मक रूप से बदल पाने की कोशिशों में भी सफलता पाई है।

कोरोना काल को बदला उपलब्धियों में

कोविड-19 की चुनौतियों के बीच बालको ने सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए देश के विकास में अपना योगदान सुनिश्चित किया है। हालांकि कोविड के कारण उत्पन्न विश्वव्यापी मंदी का असर बालको पर भी हुआ परंतु बालको अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेका कामगारों ने कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हुए चुनौतीपूर्ण दौर में बालको का प्रचालन सतत बनाए रखा। हालांकि धातु एवं खनन क्षेत्र में अब देशव्यापी सुधार के संकेत मिलने शुरू हो गए हैं। भारतीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2020 की चौथी तिमाही में देश की खनन जीडीपी 739.9. बिलियन रुपए थी जो वर्ष 2021 की प्रथम तिमाही में बढ़कर 913.03 बिलियन रुपए हो गई।

दुनिया में दूसरे स्थान पर

जहां तक एल्यूमिनियम उत्पादन की बात है तो भारत लगभग 4 मिलियन टन प्रति वर्ष उत्पादन के साथ दुनिया में दूसरे स्थान पर है। वेदांता समूह देश में लगभग 55 फीसदी एल्यूमिनियम का उत्पादन करता है। इसमें बालको का योगदान लगभग 15 फीसदी है। देश के उत्तरोत्तर विकास में भविष्य की धातु एल्यूमिनियम का रणनीतिक महत्व है। वजन के मुकाबले अधिक मजबूती, सहनशीलता एवं लचीलेपन, ताप और विद्युत के सुचालक, बार-बार 100 फीसदी रिसाइकल हो जाने जैसे गुणों के कारण इस धातु की मांग वैमानिकी, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रिकल वाहनों, नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादन, विद्युत पारेषण, विनिर्माण आदि क्षेत्रों में निरंतर बढ़ रही है।

विश्वस्तरीय अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा

बाजार की मांग के अनुरूप वेदांता समूह और बालको ने विश्वस्तरीय अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा दिया है। इसी का परिणाम है कि प्राइमरी फाउंड्री एलॉय और और सिलेंडर हेड एलॉय जैसे उत्पादों का विकास किया गया जिनका प्रयोग ऑटोमोबाइल इंडस्ट्रीज में किया जाता है। स्टील इंडस्ट्रीज के लिए देश में पहली बार एएलएसआई3 उत्पाद का विकास किया गया। वेदांता समूह द्वारा इन उत्पादों के विकास से पहले देश में इनका आयात किया जाता था।

वेदांता समूह का हाई स्पीड बिलेट बना ग्लोबल ब्रांड

वेदांता समूह ने हाल ही में एडवांस्ड मेटलर्जिकल गुणों वाले हाइ स्पीड बिलेट का विकास किया है। इससे एक्सट्रूडर्स की उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। वायर रॉड के मामले में बालको दुनिया का अग्रणी उत्पादक है। प्राइमरी एल्यूमिनियम उत्पादों के तौर पर बालको उत्पादित इनगॉट्स की बाजार में खूब मांग है। एल्यूमिनियम के विभिन्न उपकरण और सामग्रियों के निर्माता उद्योगों को इनगॉट्स की आपूर्ति की जाती है। बालको में स्थापित अत्याधुनिक मशीनें विश्वस्तरीय गुणवत्ता की रोल्ड प्रोडक्ट तैयार करती हैं जिससे देश की विभिन्न विद्युत परियोजनाओं, ऑटोमोबाइल एवं पैकेजिंग उद्योग लाभान्वित होते हैं। इंसुलेशन, बस बार और इलेक्ट्रिकल उपकरणों के निर्माण क्षेत्र में बालको के एल्यूमिनियम का बड़े पैमाने पर प्रयोग हो रहा है।

तेजी से प्रोत्साहन देने की कार्ययोजना

छत्तीसगढ़ राज्य के लिहाज से देखें तो इसमें कोई दो राय नहीं कि राज्य पहले ही एडवांटेज की स्थिति में है। यदि प्रदेश में ही एल्यूमिनियम उद्योग की बढ़ती संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए डाउनस्ट्रीम इंडस्ट्रीज को तेजी से प्रोत्साहन देने की कार्ययोजना बनाई जाए तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि एल्यूमिनियम क्षेत्र में ही बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर बनेंगे। राज्य से बड़े पैमाने पर प्रसंस्करित एल्यूमिनियम उत्पाद देश के दूसरे राज्यों के अलावा दुनिया भर में पहुंचेगे जिससे छत्तीसगढ़ को मिलने वाले राजस्व में कई गुना बढ़ोत्तरी होगी।

छत्तीसगढ़ पंचायत वेब पोर्टल लांच, अब एक ही पोर्टल से होंगे पंचायत के सभी काम

- एक ही पोर्टल पर उपलब्ध होंगे कई मॉड्यूल
- विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन, मॉनिटरिंग, मूल्यांकन और प्रशिक्षण में कारगर होगा पोर्टल
- पोर्टल पर गांव से लेकर प्रत्येक परिवार का होगा पूरा डाटा

रायपुर (नवप्रदेश)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव ने पंचायत विभाग द्वारा तैयार किए गए ई-पंचायत छत्तीसगढ़ वेब पोर्टल का शुभारंभ किया. यह पोर्टल प्रमुख रूप से चार मॉड्यूल पर कार्य करने के लिए बनाया गया है. पोर्टल के शुभारंभ मौके पर श्री सिंहदेव ने वेब पोर्टल के तकनीकी पहलूओं की जानकारी ली. साथ ही पोर्टल में कुछ नई जानकारी जोड़ने को लेकर कई आवश्यक सुझाव भी दिए.

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री सिंहदेव ने वेब पोर्टल का शुभारम्भ करते हुए कहा कि ई-पंचायत छत्तीसगढ़ वेब पोर्टल निश्चित रूप से प्रदेश को ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में डिजिटली सशक्त बनाने में कारगर साबित होगा. उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश राजनैतिक-सामाजिक सशक्तीकरण की दिशा में आगे बढ़ेगा. साथ ही पंचायती राज के उद्देश्यों को भी प्राप्त करने में मदद मिलेगी. श्री सिंहदेव ने इस पहल के लिए विभागीय अधिकारियों समेत सभी स्टेक होल्डर्स और प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं. पोर्टल के शुभारंभ अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के आयुक्त श्री अविनाश चंपावत, विभागीय सचिव श्री आर. प्रसन्ना, विशेष सचिव व मनरेगा के आयुक्त श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक भी मौजूद थे.

पोर्टल के शुभारंभ के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री सिंहदेव ने अधिकारियों से पोर्टल के माध्यम से पंचायत सचिवों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली. उन्होंने परिवीक्षा, क्रमोन्नति, पदोन्नति के साथ ही गांवों में उपलब्ध समस्त बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी जानकारी और प्रत्येक परिवार द्वारा सरकारी योजनाओं के लाभ की पहुंच को लेकर डाटा उपलब्धता की भी जानकारी ली. विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पंचायत सचिवों के वेतन समेत सुविधाओं संबंधी डाटा की उपलब्धता पोर्टल पर है. कुछ जानकारियां नई जोड़ी जा रही हैं. इस पर श्री सिंहदेव ने सुझाव देते हुए कहा कि गांव के हर गली-मोहल्ले में बुनियादी सुविधाओं समेत प्रत्येक परिवार का पूरा डाटा बेस आगामी 31 मार्च तक अपडेट कर लिया जाए, जिसके आधार पर योजनाएं बनाकर उन ग्राम पंचायतों में सारी सेवाएं मिल सकें.

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में 11 हजार से अधिक ग्राम पंचायतें हैं. ऐसे में पंचायत विभाग द्वारा तैयार ई-पंचायत छत्तीसगढ़ वेब पोर्टल राज्य एवं केन्द्र शासन की योजनाओं के पारदर्शिता के साथ बेहतर क्रियान्वयन, मूल्यांकन, मॉनिटरिंग और प्रशिक्षण के लिए प्लेटफार्म की तरह काम करेगा. इस पोर्टल के माध्यम से ही पंचायत विभाग द्वारा लर्निंग वीडियोज की ब्रॉडकॉस्टिंग, ग्राम पंचायत सचिवों के वेतन भुगतान, सर्वे एवं डाटा पुनरीक्षण के साथ ही विभागीय आदेश, अधिसूचना व अधिनियमों से संबंधित दस्तावेजों के संकलन और संधारण के लिए चार मॉड्यूल उपलब्ध होंगे.

पोर्टल के माध्यम से पंचायत विभाग के एचआरएमएस सॉफ्टवेयर द्वारा प्रदेशभर के ग्राम पंचायतों में कार्यरत पंचायत सचिवों के वेतन का ऑनलाइन भुगतान किया जाएगा. एलएमएस द्वारा राज्य एवं केंद्र शासन द्वारा जारी पंचायतीराज संस्थाओं से संबंधित लर्निंग वीडियोज की ब्रॉडकॉस्टिंग की जाएगी. पंचायत संचालनालय द्वारा विभागीय आदेशों, अधिसूचनाओं एवं अधिनियमों से संबंधित दस्तावेजों के संकलन के लिए केएमएस तथा ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा के आयोजन के पहले 100 बिंदुओं पर आधारभूत जानकारियों के संकलन के लिए सर्वे मॉड्यूल भी विकसित किया गया है.

एबी क्लासेस द्वारा कैट का बेहतर परिणाम, नई बैच शुरू

रायपुर। अग्रसेन चौक देशबंधु प्रेस के पास स्थित एबी क्लासेस में ना केवल इस वर्ष बल्कि विगत 6 वर्षों से छत्तीसगढ़ में कैट का बहुत

अच्छा रिजल्ट देते आ रहे हैं। डायरेक्टर अभिषेक गुप्ता ने बताया कि 15 जनवरी से नई बैच प्रारम्भ की जा रही है जिसमे कैट, एक्सएटी , आईआईएफ टी, स्नेप, मैट, एवम सीएमएटी कोर्स शामिल है श्री गुप्ता ने बताया बच्चों को अच्छी तकनीक से प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है और लगातार मार्क टेस्ट भी लिया जाता है कैट की तैयारी के लिए तीन प्रमुख विषय होते हैं गणित, अंग्रेजी एवं डाटा इंटरप्रिटेशन एवं लॉजिकल रीजनिंग कुछ पेपर में जनरल अवेयरनेस के प्रश्न भी पूछे जाते हैं सारे आई आई एम में कैट के द्वारा ही प्रवेश मिलता है इनके अलावा भी अन्य प्रमुख कॉलेजों में जैसे एफएमएस दिल्ली एसपी जैन एनआईटीआईई मुंबई एवं सारे आईआईटी के मैनेजमेंट कोर्स में प्रवेश एबी क्लासेज द्वारा प्राप्त किया जा सकता है।

मौसम खुलते ही न्यूनतम तापमान में आई गिरावट, बढ़ी ठंड

रायपुर। छत्तीसगढ़ में करीब सप्ताहभर बाद मौसम खुलने से न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है, जिससे प्रदेश में अच्छी ठंड पड़ने लगी है। मौसम खुलने के कारण प्रदेश के कई स्थानों पर कल घना कोहरा छाने की भी संभावना है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में हवाओं की दिशा में परिवर्तन होने जा रहा है जिसके कारण प्रदेश के मौसम में परिवर्तन अवश्यसंभावी है। प्रदेश में 16 जनवरी को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश के उत्तरी भाग में न्यूनतम तापमान में गिरावट होने तथा प्रातः काल में मध्यम से घना कोहरा छाने की संभावना है। शेष हिस्सों में बादल के छंटे जाने के कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट संभव है तथा प्रातःकाल में हल्की से मध्यम घना कोहरा कुछ पैकेट में बनने की संभावना है।

प्रदेश में कुछ स्थानों पर हो सकती है हल्की बारिश

रायपुर। प्रदेश में आज भी गरज–चमक के साथ कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या गरज–चमक के साथ छींटे पड़ सकते है। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि आज प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना है। इसके अलावा प्रदेश में अधिकतम तापमानों में वृद्धि होने की संभावना बन रही है। उत्तर छत्तीसगढ़ में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं के आगमन के कारण प्रातःकाल में कोहरा छाए रहने की संभावना है।

मुख्यमंत्री से परिवीक्षाधीन आईपीएस अधिकारियों ने की सौजन्य मुलाकात

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज शाम यहां उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ कैडर के आर.आर.-73 बैच के परिवीक्षाधीन भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री बघेल ने सभी परिवीक्षाधीन अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनसे उनके गृह राज्य, शैक्षणिक पृष्ठभूमि के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से उनके गृह राज्य में शासकीय योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के संबंध में भी चर्चा की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने परिवीक्षाधीन आईपीएस अधिकारियों से कहा कि विकास के लिए सामाजिक न्याय के साथ ही साथ सभी वर्गों का आर्थिक सशक्तिकरण भी जरूरी है। डीएसपी ट्रेनिंग पुलिस हेडक्वार्टर राजू गुप्ता ने मुख्यमंत्री को बताया कि 17 जनवरी से परिवीक्षाधीन आईपीएस अधिकारी सर्व राबिन्सन गुरिया, बैंकर वैभव, राजनाला स्म्रूतनिक, सु पूजा कुमार, विकास कुमार, मयंक गुर्जर, संदीप पटेल, प्रभात कुमार की पदस्थापना जिलों में की जाएगी। मुख्यमंत्री बघेल ने सभी अधिकारियों का मुंह मीठा कराकर उन्हें पहली पदस्थापना और नवीन दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईपीएस अधिकारी के जीवन में ट्रेनिंग की अवधि और प्रथम पदस्थापना अविस्मरणीय होती है। उन्होंने अधिकारियों को ट्रेनिंग के दौरान बतायी गई बातों और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन का उपयोग करने और जनता को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने की बात कही।

महिला हवलदार का मोबाइल लूटकर फरार हुए मोपेड सवार लुटेरे

रायपुर। फाफाडीह चौक के पास मोपेड में सवार लुटेरे महिला हवलदार का मोबाइल लूटकर फरार हो गए। जानकारी के मुताबीक महिला हवलदार वहीं के एक अस्पताल से निकलकर कार के पास जा रही थी। पीली बिल्डिंग की ओर से एक मोपेड पर चार युवक आए। पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मारकर हवलदार का मोबाइल छीन लिया। हवलदार लुटेरों के पीछे दौड़ी, लेकिन वे तेजी से निकल गए। पुलिस ने बताया कि महिला हवलदार योगिता साहू कांकेर के नरहरपुर थाने में पदस्थ है। वह अपनी मां का इलाज कराने के लिए रायपुर आई थी। फाफाडीह के निजी अस्पताल में उन्होंने अपनी मां की जांच करवायी। दोपहर 3 बजे मां को लेकर वे अस्पताल से बाहर निकली। वह कार लाने के लिए पार्किंग की ओर जा रही थी। तभी पीछे से एक मोपेड में चार युवक आए। उनके करीब पहुंचकर मोपेड चला रहे युवक ने रफ्तार धीमी कर दी। उसमें सबसे पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मारा और हवलदार की हाथों से मोबाइल छीन लिया।

सीएम ने किसानों से कहा - घबराएं नहीं, सभी किसानों का खरीदेंगे धान

कृषि मंत्री से खरीदी केंद्रों की व्यवस्था सुधारने को कहा, बढ़ सकती है खरीदी की तिथि

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि बीते कुछ दिनों से मौसम ठीक न होने की वजह से राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की स्थिति प्रभावित हुई है। इसको लेकर किसानों को चिन्ता करने की जरूरत नहीं है। मौसम ठीक होते ही उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी में तेजी लायी जाएगी। वर्तमान स्थिति को देखते हुए सीएम बघेल ने कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे से धान उपार्जन की व्यवस्था की समीक्षा की और इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने को कहा है।



आवश्यकता होने पर अवधि बढ़ाने पर होगा विचार

मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य में सभी पंजीकृत कृषकों से धान की खरीदी की जाएगी। इसके लिए उपार्जन केन्द्रों में खरीदी की व्यवस्था को और अधिक विस्तारित करने के निर्देश दिए गए है। मौसम खुलते ही किसानों से तेजी से धान खरीदी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा है कि राज्य में धान खरीदी की अंतिम तारीख 31 जनवरी है। सरकार की यह कोशिश होगी की इस अवधि में शत-प्रतिशत किसानों से उनके पंजीकृत रकबे के धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर पूरी कर ली जाए। उन्होंने कहा है कि आवश्यकता पड़ने पर किसानों के सहूलियत के लिए धान खरीदी के निर्धारित अवधि में वृद्धि करने का विचार किया जाएगा।

69.5 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका

छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के चालू सीजन में 69 लाख 05 हजार 182 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। राज्य के 2 हजार 484 धान उपार्जन केन्द्रों में में 17 लाख 14 हजार 159 किसानों ने यह धान बेचा है। धान खरीदी के अनुमानित लक्ष्य का 65.76 प्रतिशत धान की खरीदी हो चुकी है। अब तक 13 हजार 426 करोड़ 57 लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

महापौर–आयुक्त ने सफाई ठेकेदारों की ली बैठक

- सफाई को लेकर दिए निर्देश

रायपुर। महापौर एजाज ढेबर और आयुक्त प्रभात मलिक ने आज संयुक्त रूप से सफाई ठेकेदारों की बैठक ली। इस बैठक में सभी सफाई ठेकेदार को अपने सभी सफाई कर्मियों को पीपीई कीट के साथ प्रत्येक शनिवार फील्ड में उपस्थित करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल स्थित मीटिंग हाल में नगर नगर रायपुर के समस्त सफाई ठेकेदारों की बैठक महापौर एजाज ढेबर एवं आयुक्त प्रभात मलिक ने स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव, एमआईसी सदस्य सुंदरलाल जोगी, अपर आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, उपायुक्त स्वास्थ्य ए.के. हलधर एवं स्वच्छ भारत मिशन प्रबंधक विकास चतुर्वेदानी की उपस्थिति में ली। बैठक में समस्त सफाई ठेकेदारों को अपने सफाई कर्मचारियों को पूरे पीपीई किट के साथ फील्ड में काम करवाना सुनिश्चित करने निर्देश दिये गये एवं प्रत्येक शनिवार को समस्त ठेका सफाई कर्मियों को पूरे पीपीई किट में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने निर्देशित किया गया।
बैठक में महापौर एवं आयुक्त ने सभी सफाई ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिये कि ठेका सफाई कर्मचारियों द्वारा जिस दिन भी नाली की सफाई की जाये, उनसे नाली से निकाला हुआ कचरा बाहर ना छोड़ा जाना एवं नाली से निकाला गया कचरा उसी दिन उठवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत राजधानी शहर रायपुर का और अधिक बेहतर प्रदर्शन करने हेतु सभी ठेका सफाई कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई।

डीएव्ही पब्लिक स्कूल को बंद करने की साजिश: बृजमोहन

रायपुर (नवप्रदेश)। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडिम स्कूल योजना लाकर अपनी पीठ थपथपाने वाली भूपेश सरकार प्रदेश के चौहत्तर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित डीएव्ही मुख्यमंत्री स्कुल बंद करने का षड़यंत्र कर रही है। सरकार के इस षडयंत्र से पैंसठ हजार बच्चे और दो हजार से अधिक शिक्षकों का भविष्य अधर में लटक गया है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में पूर्व में संचालित चौहत्तर डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों में पिछले कई महीनों से तनख्वाह नहीं बटी है। एक तरफतो सरकार कहती है कि राज्य ने पाँच लाख लोगों को रोजगार दिया है। जबकि प्रदेश के ग्रामीण क्षेंत्रों में केन्द्रीय योजना के तहत खोले गए स्कूल जिसमें अंग्रेजी माध्यम से सीबीएसई पाठ्यक्रम पढ़ाया जा रहा था। आज बंद होने की कगार है। उनके शिक्षकों को वेतन नहीं मिल रहा है वे नौकरियां छोड़ रहे हैं। उन स्कूलों में पढ़ने वाले पैंसठ हजार बच्चों और हजारों शिक्षकों का भविष्य अंधकार में धकेल दिया गया है। इससे घृणित और कोई काम नहीं हो सकता है कि यह सरकार शिक्षा के मंदिर में भी राजनीति कर रही है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि पूर्व में केन्द्र की योजना के तहत ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई के विकास के लिए डीएव्हीपी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खोले गए थे तथा छत्तीसगढ़ सरकार ने दो हजार अट्ठारह में तीस साल तक आर्थिक अनुदान देने का अनुबंध किया था। इन स्कूलों को ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में खोला गया था।

उन्होंने कहा कि विगत डेढ़ वर्ष से कांग्रेस शासन ने षड्यंत्र के तहत इन स्कूलों को आर्थिक अनुदान देना बंद कर दिया है, जिससे इस में पढ़ने वाले हजारों बच्चों का भविष्य अधर में हो गया है।

महामारी एक्ट के तहत जिले के 19 लोगों पर होगी एफआईआर

- कोविड पॉजिटिव होने पर भी प्रशासन से छुपाई जानकारी, बाहर घूमकर दूसरों के जीवन को डाला खतरे में

रायपुर (नवप्रदेश) । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सौरभ कुमार ने रायपुर जिले में महामारी अधिनियम के उल्लंघन करने वालों पर सख्ती बरतने के कड़े निर्देश देते हुए पुलिस में आपराधिक प्रकरण दर्ज करने निर्देश दिए हैं। जिले में ऐसे 19 कोविड पॉजिटिव मरीजों की पहचान हुई है जिन्होंने गलत दूरभाष, पता देकर अथवा होम आइसोलेशन पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत न कर अपनी जानकारी छुपाई है, साथ ही पॉजिटिव होने के बाद भी अपने घर से बाहर निकलकर दूसरों के स्वास्थ्य एवं जीवन को खतरे में डाला है। प्रशासन द्वारा इन लोगों से संपर्क करने के प्रयास के दौरान भी इन्होंने गंभीर लापरवाही बरतते हुए जानबूझकर अपने संबंध में सही जानकारी नहीं दी, अब ऐसे लोगों पर एफ़आई.आर. होगी।

कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देश के बाद आज से नगर निगम, रायपुर, बीरगांव सहित जिले के सभी अनुविभागों में सख्ती शुरू कर दी गई है। अब तक रायपुर जिले में ऐसे 19 व्यक्तियों की पहचान हुई है, जिन्होंने कोरोना पॉजिटिव होने की जानकारी छुपाई एवं होम आइसोलेशन के पोर्टल पर अपना पंजीयन भी जानबूझकर नहीं किया है। इसमें ऐसे मरीज भी शामिल है जिन्होंने होम आइसोलेशन के नियमों का उल्लंघन करते हुए घर के बाहर रहकर अन्य के जीवन एवं स्वास्थ्य को खतरे में डाला है। अब ऐसे गैर जिम्मेदार मरीजों के विरुद्ध संबंधित थाने में एफआई.आर दर्ज होंगे। जानकारी के अनुसार रायपुर नगर निगम क्षेत्र के नौ, मंदिर हसौद के छह, आरंग के एक, अभनपुर के एक और तिल्दा के दो मरीजों के विरूद्ध संबंधित थाने में एफआई.आर दर्ज करने कार्रवाई की जा रही है।

रायपुर जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि कोरोना के लक्षण महसूस होने पर अपनी जांच अवश्य कराएं, रिपोर्ट आने तक आइसोलेशन पर रहें।

मेंटनेंस बिलासपुर रेल मंडल के खरसिया-राबर्टसन सेक्शन में चलेगा चौथीलाइन कनेक्टीविटी का कार्य

आज से 24 जनवरी तक कई ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

रायपुर (नवप्रदेश)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के खरसिया-राबर्टसन सेक्शन में चौथीलाइन कनेक्टीविटी का कार्य के कारण आज से 24 जनवरी तक कई ट्रेनें जहां रद्द रहेगी, वहीं कई ट्रेनों को देरी से रवाना किया जाएगा और कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।

रेल मंडल के अधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी संदर्भ में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत खरसिया-राबर्टसन सेक्शन में चौथीलाइन कनेक्टीविटी का कार्य 16 जनवरी से 24 जनवरी तक किया जायेगा। इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों के परिचालन में गतिशीलता आयेगी।

ये गाड़ियां रद्द रहेंगी:

- 15 जनवरी से 24 जनवरी तक गाड़ी संख्या 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 16 जनवरी से 25 जनवरी तक गाड़ी संख्या 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 21 जनवरी को हावड़ा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12870 हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 23 जनवरी को सीएसएमटी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12869 सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 17 व 24 जनवरी को नांदेड़ से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12767 नांदेड़- सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 19 व 26 जनवरी को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12768 सांतरागाछी-नांदेड़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 18 जनवरी को इंदौर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20917 इंदौर-पुरी हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 20 जनवरी को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20918 पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 20 जनवरी को वलसाड से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22909 वलसाड-पुरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 23 जनवरी को पुरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22910 पुरी-वलसाड एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 21 जनवरी को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22843 बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 23 जनवरी को पटना से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

ये गाड़ियां देरी से होगी रवाना

- 15 जनवरी से 21 जनवरी तक पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस 03 घंटे देरी से रवाना होगी 7
- 20 व 22 जनवरी को हावड़ा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12222 हावड़ा-पुणे दुरन्तो एक्सप्रेस 02 घंटे देरी से रवाना होगी 7
- 17, 18, 19 व 21 जनवरी को हावड़ा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दुरन्तो एक्सप्रेस 02 घंटे देरी से रवाना होगी।
- 15 जनवरी से 21 जनवरी तक राजेन्द्रनगर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 13288 राजेन्द्रनगर-दुर्ग एक्सप्रेस 01 घंटे 30 मिनट देरी से रवाना होगी।
- 18 व 22 जनवरी को सिकंदराबाद से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 17007 सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस 01 घंटे 30 मिनट देरी से रवाना होगी।

- 19 जनवरी को रानी कमलापति(हबीबगंज) से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22169 रानी कमलापति(हबीबगंज)-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 20 जनवरी को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22170 सांतरागाछी-रानी कमलापति(हबीबगंज) एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 15 व 22 जनवरी को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20822 सांतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 17 व 24 जनवरी को पुणे से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20821 पुणे-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

देश में तेजी से बढ़ रहे ओमीक्रॉन वेरिएंट के मामले

देश में ओमीक्रॉन वेरिएंट के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं. वहीं हाल ही में कोविड टास्क फो र्स के प्रमुख डॉ. वीके पॉल ने चिंता में डालने वाला बयान दिया था. उन्होंने बताया था कि आने वाले समय में हमारी वैक्सीन की क्षमता कमजोर पड़ सकती है. इसी के साथ उन्होंने ये भी कहा था कि हम ओमिक्रॉन के संबंध में स्थिति को देख रहे हैं और दुनिया इसके विज्ञान को समझने की कोशिश कर रही है, लेकिन आज और आने वाले समय में हमें प्रत्येक वयस्क को कोविड के दो टीके लगाने का कार्य पूरा करने का प्रयास करना चाहिए. देश में ओमीक्रॉन के बढ़ते मामलों को देखते हुए डॉक्टर्स ने कोरोना वैक्सीन की बूस्टर डोज की जरूरत अपनी राय दी है।



जीनोम सिक्वेंसिंग क्या है ?

जीनोम सिक्वेंसिंग को अच्छी तरह से समझने के लिए सबसे पहले आपको यह समझना होगा की जीन क्या होती है। आसान भाषा में समझें तो जीन ही दरअसल हमारे जैविक विशेषताओं का कारण होता है। हमारा रंग, कद, बालों की लम्बाई या घनत्व जैसी सारी विशेषताएं इनसे जुड़े जीन्स ही तय करते हैं। अब तो आप समझ ही गए होंगे कि जीन्स क्या होते हैं। इसके बाद सवाल आता है कि जीनोम क्या होता है। दरअसल जीन्स के सामूहिक रूप को ही जीनोम कहते हैं और कभी भी दो व्यक्तियों का जीनोम एक दुसरे से मेल नहीं खाता। हालांकि, हमारे कुछ जीन्स हमारे पेरेंट्स से मेल खा सकते हैं, पर पूरा जीनोम मेल खा जाए, ऐसा होना असंभव है। किसी भी व्यक्ति के शरीर की बनावट और उसके कार्य करने के तरीके को समझने के लिए उसके जीनोम की स्टडी की जाती है। मगर जीनोम आकार में इतना छोटा और जटिल होता है कि इसे नंगी आंखों से देख पाना नामुमकिन है। यदि इसे माइक्रोस्कोप से भी देखा जाए, तो इसकी जटिलता के कारण इसे पूरी तरह से समझ पाना मुश्किल है। इसलिए जीनोम को स्टडी करने के लिए वैज्ञानिक इसे एक कोड दे देते है और इस कोड को पता करने वाली तकनीक को ही जीनोम मैपिंग या जीनोम सिक्वेंसिंग कहा जाता है। जीनोम मैपिंग से पता चल जाता है कि जीनोम में किस तरह के बदलाव आए हैं। यानी यदि ओमिक्रोन की जीनोम मैपिंग होती है तो इसके जेनेटिक मटेरियल की स्टडी करके यह पता किया जा सकेगा कि इसके अंदर किस तरह के बदलाव हुए हैं और यह पुराने कोरोना वायरस से कितना अलग है।

कोरोना की जीनोम सिक्वेंसिंग कैसे होती है ?

जैसा की हम बहुत समय से सुनते आ रहे हैं कि किसी व्यक्ति के शरीर में प्रवेश करने के बाद कोरोना वायरस लगातार म्यूटेट हो रहा यानी अपना स्वरूप बदल रहा है। कभी यह म्यूटेट होकर पहले से ज्यादा खतरनाक हो जाता है तो कभी कम। अब आपके मन में यह सवाल आ रहा होगा कि इससे जीनोम सिक्वेंसिंग का क्या लेना देना। तो इसका जवाब है- जी, बिलकुल लेना देना है। मान लीजिये यदि किसी इलाके में अचानक से कोरोना के मामले बढ़ने लगते हैं, तो उस इलाके से सैंपल इकट्ठे किये जाते हैं। बाद में इसकी सिक्वेंसिंग की जाती है और पता लगाया जाता है की इस इलाके के सैंपल में कुछ बदलाव आया है या नहीं। और क्या इसी बदलाव के कारण ही इस इलाके में कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं ? इस प्रकार जीनोम सिक्वेंसिंग से यह पता चल जाता है की किसी इलाके में कोरोना मामले में जो बढ़ोतरी हो रही है , वह किसी नए वेरिएंट की वजह से हो रही या पुराने।

जीनोम के अध्ययन को जीनोमिक्स कहते हैं। जीनोम सिक्वेंसिंग के जरिये मानसिक और शारीरिक बीमारियां जैसे कैंसर, दिल संबंधी रोग, डायबिटीज, हाई ब्लडप्रेशर, न्यूरोमस्क्युलर डिस्ऑर्डर आदि का इलाज किया जा सकता है। इसके अलावा कई संक्रामक रोगों जैसे मलेरिया, डेंगू, एचआईवी, कोरोनावायरस, ईबोला, सार्स आदिको इलाज के लिए भी जीनोम सिक्वेंसिंग की जा चुकी है। इससे यह पता चलता है कि किस व्यक्ति को किस तरह की बीमारी है या हो सकती है। इसके कैसे लक्षण हो सकते हैं। साथ ही इसके जरिए हम बीमारी का सटीक इलाज भी खोज सकते हैं।

भारत में तेजी से फैल रह ओमिक्रॉन

दुनिया में तेजी से फैल रहे कोरोना के नए वेरिएंट ओमीक्रोन ने अब भारत में भी दस्तक दे दी है। मामले की गंभीरता आप इस बात से समझ सकते हैं कि देश के टॉप साइंटिस्ट ने यह चेतावनी तक दे दी है कि यह वेरिएंट देश में तीसरी लहर ला सकता है। दिल्ली के फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट के कार्यकारी निदेशक डॉ अशोक सेठ ने कहा है कि किसी न किसी स्तर पर टीके की बूस्टर खुराक की जरूरत पड़ने वाली है. पश्चिम की स्थिति से ये साफहै जो हमे बताती है कि अगर एक बूस्टर खुराक दी जाती है, तो हम इस वेरिएंट के खिलाफबेहतर रूप से सुरक्षित हो सकते हैं।

डब्ल्यूएचओ इस बात से चिंतित है कि यह उत्परिवर्तन उन लोगों में प्रतिरक्षा को कम कर सकते हैं जो पहले संक्रमित थे और टीकाकरण वाले लोगों में भी। यह भी संभव है कि ओमाइक्रोन संस्करण इस संबंध में पहले वाले वेरिएंट की तुलना में अधिक संक्रामक हो। डब्ल्यूएचओ ने चेतावनी दी है कि स्वास्थ्य सेवाओं को विशेष रूप से कम टीकाकरण दर वाले देशों में प्रभावित किया जा सकता है जहां मृत्यु दर और रुग्णता दर बहुत अधिक होने की संभावना है, और सभी देशों से आग्रह करता है कि कोविड-19 टीकाकरण बढ़ाएँ।

कार्डिफविश्वविद्यालय के प्रतिरक्षा विज्ञान (इम्यूनोलॉजिस्ट) के प्रोफेसर पॉल मॉर्गन भी टीकाकरण की सलाह देते हैं। मॉर्गन ने कहा, मुझे लगता है कि पूर्ण नुकसान के बजाय एक कुंद होना सबसे संभावित परिणाम है। वायरस संभवतः अपनी सतह पर हर एक एपिटोप को नहीं खो सकता है, क्योंकि अगर ऐसा होता तो स्पाइक प्रोटीन अब और काम नहीं कर सकता है। जबकि कुछ एंटीबॉडी और टी सेल क्लोन वायरस के पुराने संस्करणों के खिलाफ, या टीकों के खिलाफ प्रभावी नहीं हो सकते हैं। यदि आधा, या दो-तिहाई, या जो भी हो, प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया प्रभावी नहीं होने वाली है, और आपके पास शेष आधा बचा है, तो जितना अधिक बढ़ाया जाए उतना बेहतर है।

संकेत और लक्षण

इस प्रकार के साथ अभी तक कोई असामान्य लक्षण नहीं जुड़े हैं और अन्य प्रकारों की तरह, कुछ व्यक्ति स्पर्शोन्मुख हैं। दक्षिण अफ़्रीकी मेडिकल एसोसिएशन की अध्यक्ष एंजेलिक कोएत्ज़ी ने कहा कि उन्हें पहली बार थकान, दर्द और दर्द वाले रोगियों में इस प्रकार का सामना करना पड़ा, लेकिन कोई खांसी या गंध या स्वाद की भावना में बदलाव नहीं आया। फ्रांस वॉल्श ने लिखा, दक्षिण अफ्रीका में एक युवा आबादी है और यह उत्साहजनक है कि वहां के डॉक्टर रिपोर्ट कर रहे हैं कि ओमाइक्रोन हल्के लक्षण पैदा कर रहा है और अस्पताल में भर्ती में कोई वृद्धि नहीं हुई है। लेकिन हमें यह देखने की जरूरत है कि क्या होता है जब वैरिएंट बड़े आयु समूहों में चला जाता है जो. संस्करण पर एक अपडेट में, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा, प्रारंभिक आंकड़ों से पता चलता है कि दक्षिण अफ्रीका में अस्पताल में भर्ती होने की दर बढ़ रही है भले ही यह निर्धारित न किया गया हो।

स्पाइक प्रोटीन के कई उत्परिवर्तन चिंता के अन्य रूपों में मौजूद हैं जो बढ़ी हुई संक्रामकता और [[एंटीबॉडी] से संबंधित हैं। कम्प्यूटेशनल मॉडलिंग से पता चलता है कि वेरिएंट सेल-मध्यस्थता प्रतिरक्षा से भी बच सकता है।

निदान

वर्तमान पीसीआर परीक्षण वैरिएंट का पता लगा सकते हैं। कुछ प्रयोगशालाओं ने संकेत दिया है कि व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला पीसीआर परीक्षण तीन लक्ष्य जीनों में से एक का पता नहीं लगाता है। यह कुछ कुछ अल्फा संस्करण की तरह ही है। तीव्र प्रतिजन परीक्षण सबसे अधिक प्रभावित नहीं होते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से लोगों का मानना है कि सद्द भक्ति से बड़े से बड़े रोग व बीमारियां भी दूर हो जाती हैं।

निवारण

अन्य रूपों की तरह, डब्ल्यूएचओ ने सिफारिश की कि लोग संलग्न स्थानों को अच्छी तरह हवादार रखना जारी रखें, भीड़भाड़ और निकट संपर्क से बचें, अच्छी तरह से फिट होने वाले मास्क पहनें, बार-बार हाथ साफकरें और टीका लगवाएं। 26 नवंबर को, बायोएनटेक ने कहा कि यह दो सप्ताह में पता चल जाएगा कि क्या वर्तमान टीका वैरिएंट के खिलाफ प्रभावी है। एस्ट्राजेनेका, मॉडर्न और जॉनसन एंड जॉनसन भी अपने टीकों की प्रभावशीलता पर संस्करण के प्रभाव का अध्ययन कर रहे थे। उसी दिन, नोवावैक्स ने कहा कि वह ओमाइक्रोन संस्करण के लिए एक अद्यतन टीका विकसित कर रहा है, जिसे कंपनी को दो खुराक की आवश्यकता वाले कुछ हफ्तों के भीतर परीक्षण और निर्माण के लिए तैयार होने की उम्मीद है। 29 नवंबर को, सिनोवैक ने कहा कि यह वैरिएंट के खिलाफजल्दी से एक निष्क्रिय वैक्सीन का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर सकता है और यह अध्ययन की निगरानी कर रहा है।

7 दिसंबर को, डरबन में अफ्रीका स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान में आयोजित एक प्रयोगशाला परीक्षण के प्रारंभिक परिणामों में फाइजर-बायोएनटेक वैक्सीन प्राप्त करने वाले 12 लोगों के साथ कुछ नमूनों में वैरिएंट के खिलाफएंटीबॉडी गतिविधि को बेअसर करने में 41 गुना कमी पाई गई। यह एक बड़ी कमी है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वैरिएंट टीकों से पूरी तरह बच सकता है, इसलिए वर्तमान टीकों के साथ टीकाकरण की अभी भी सिफारिश की जाती है। लगभग एक साल पहले संक्रमित होने के बाद पूरी तरह से टीका लगाए गए लोगों में वैरिएंट के खिलाफ एंटीबॉडी गतिविधि को बेअसर करना अधिक था। जैसे-जैसे अधिक डेटा एकत्र किया जाएगा, प्रभावशीलता का अनुमान बदल जाएगा, क्योंकि टीकाकरण द्वारा उत्पन्न एंटीबॉडी व्यक्तियों के बीच व्यापक रूप से भिन्न होते हैं और नमूना छोटा था। 8 दिसंबर को, फाइजर और बायोएनटेक ने बताया कि प्रारंभिक आंकड़ों से संकेत मिलता है कि टीके की एक तीसरी खुराक दो खुराक के बाद अन्य वेरिएंट के मुकाबले वैरिएंट के खिलाफ समान स्तर को बेअसर करने वाले एंटीबॉडी प्रदान करेगी।

इलाज

कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स और इंटरल्यूकिन-6 रिसेप्टर ब्लॉकर्स को गंभीर COVID-19 के रोगियों के प्रबंधन के लिए प्रभावी माना जाता है। अन्य उपचारों की प्रभावशीलता पर प्रभाव का आकलन वर्तमान में किया जा रहा है। 29 नवंबर को, फाइजर के सीईओ अल्बर्ट बौर्ला ने कहा कि फाइजर ने आरएनए वायरस एंटीवायरल दवा पैक्सलोविड के विकास के लिए एफडीए को एक आपातकालीन उपयोग प्राधिकरण आवेदन प्रस्तुत किया, और कंपनी को विश्वास था कि वह ओमाइक्रोन संस्करण का इलाज कर सकती है। इसके अलावा, मर्क और रिजबैक ओमाइक्रोन उपचार के लिए एंटी-आरएनए वायरस दवा मोलनुपिरवीर का मूल्यांकन कर रहे हैं।

महामारी विज्ञान

26 नवंबर 2021 को, दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रीय संचारी रोगों के संस्थान ने घोषणा की कि 30,904 COVID-परीक्षणों ने 2,828 नए COVID संक्रमणों का पता लगाया (एक 9.2% सकारात्मकता दर) गया। एक हफ्ते बाद, 3 दिसंबर 2021 को, NICD ने घोषणा की कि 65,990 COVID परीक्षणों में 16,055 नए संक्रमण पाए गए (सात दिन पहले की तुलना में 5.7 गुना; सकारात्मक दर 24.3%) और उनमें से 72 प्रतिशत गौतेंग में पाए गए। दक्षिण अफ्रीका का यह प्रांत लगभग 850 निवासियों प्रति किमी2 पर घनी आबादी वाला है। गौतेंग की राजधानी जोहान्सबर्ग एक मेगासिटी है (शहर में लगभग 5.5 मिलियन निवासी और शहरी क्षेत्र में 9.5 मिलियन)।

नवंबर 2021 में डेल्टा संस्करण या COVID-19 वायरस के अन्य प्रकारों की तुलना में Omicron संस्करण की संप्रेषणीयता अभी भी अनिश्चित थी। ओमाइक्रोन अक्सर पहले के कोविड-पॉजिटिव लोगों को संक्रमित करने में सक्षम होता है। यह अनुमान लगाया गया है कि ओमिक्रॉन जीनोम तुलनाओं के आधार पर सितंबर के अंत या अक्टूबर 2021 की शुरुआत में ओमाइक्रोन संस्करण का विचलन हुआ। अनुक्रमण के आंकड़ों से पता चलता है कि ओमाइक्रोन नवंबर 2021 तक दक्षिण अफ्रीका में प्रमुख संस्करण बन गया था, उसी महीने जहां देश में इसकी पहली बार पहचान की गई थी। फिलोजेनी हाल ही में उभरने का सुझाव देता है। दक्षिण अफ्रीका के डेटा से पता चलता है कि ओमाइक्रोन का वहां एक स्पष्ट विकास लाभ है। हालांकि, यह संप्रेषणीयता या प्रतिरक्षा से बचने से संबंधित, या दोनों के कारण हो सकता है। दक्षिण अफ्रीका के गौतेंग प्रांत के अपशिष्ट जल के नमूनों में COVID-19 के स्तर में पता लगाने योग्य परिवर्तन 17-23 अक्टूबर (सप्ताह 42) के रूप में देखे गए थे।

यूके में, एस-जीन लक्ष्य सकारात्मक मामलों में ओमाइक्रोन से जुड़े एस-जीन लक्ष्य विफलता मामलों की लॉगरिदमिक वृद्धि दर प्रति दिन 35% अनुमानित थी, जो असाधारण रूप से उच्च है। इसके अलावा, दिसंबर के मध्य तक ओमाइक्रोन डेल्टा से आगे बढ़ रहा होगा। संस्करण की प्रतिक्रिया में व्यवहार परिवर्तन की कल्पना किए बिना, 24 दिसंबर तक प्रति दिन एक लाख संक्रमणों को 2.5 दिनों के दोगुने समय के लिए अनुमानित किया जाता है. डेनमार्क, जिसमें रसद की वृद्धि समान है, यूरोप में आगे प्रतीत होता है, और ओमाइक्रोन संस्करण 14 दिसंबर के आसपास सबसे प्रचलित तनाव बन सकता है। स्विट्ज़रलैंड भी पीछे नहीं है और न ही जर्मनी है. स्कॉटलैंड में, ओमाइक्रोन स्पष्ट रूप से 11 दिसंबर के आसपास सबसे प्रचलित संस्करण बन गया।

पिछले दो साल से कोरोना वायरस का कहर झेल रही दुनिया जैसे-तैसे पटरी पर आने की कोशिश कर रही थी लेकिन नए वैरिएंट ओमिक्रॉन ने एक बार फिर से लोगों की चिंता बढ़ा दी है. दक्षिण अफ्रीका के वैज्ञानिकों ने देश के सबसे अधिक आबादी वाले प्रांत गौटेंग में COVID-19 के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की पहचान की है और इसके संभावित खतरों से विश्व स्वास्थ्य संगठन को आगाह करा दिया है. नीदरलैंड, इजरायल, डेनमार्क और ऑस्ट्रेलिया में इसके मामले तेजी से बढ़ रहे हैं. WHO ने इसे 'वेरिएंट ऑफकंसर्न' की कैटेगरी में डाला है. कोरोना के नए वैरिएंट के सामने आने के बाद भारत सरकार भी सतर्क हो गई है. आइए जानते हैं कि ओमिक्रॉन वेरिएंट कोरोना के पुराने वैरिएंट से कितना अलग है और ये कितना गंभीर हो सकता है. तेजी से फैलता है ओमिक्रॉन वैरिएंट- दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री जो फाहला के अनुसार, देश में ओमिक्रॉन वैरिएंट के मामले पिछले कुछ दिनों में तेजी से बढ़े हैं. पिछले कुछ सप्ताह में हर दिन इसके केवल 200 से अधिक नए मामले आते थे लेकिन शनिवार को यहां एक दिन में 3,200 से अधिक मामले सामने आए।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

इतराती इठलाती

इतराती इठलाती ल ह र ा त ी बलखाती,सागर से मिलने को चली जेसे सरिता । थिरकातीअंग अंग मन मैं लिए उमंग सजना की बाँह गहे चली जैसे वनिता। सखी समझाए कोई बंधन न भाई कोई ब्रम्हनाद संग लिए चली जेसे शुचिता । प्रेम सुधा छलकातीसब के ही मन भाती लेखनी ललित लता लिखी एसी कविता ।

– चंद्र लता यादव

तू डोर बन मैं पतंग

तू डोर बन, मैं पतंग बन जाऊं तुझसे बंध , मदमस्त हवा में झूमूं , मुक्त गगन में लहराऊँ । तू चकरी बन मैं मंजा बन जाऊं तुझसे लिपट बहुत इतराउं । तेरे हाथ की तान में चढ़ पेंच लड़ाऊं दुश्मन को मार गिराऊं । तू कलम बन मैं स्याही बन जाऊं कागज़ में उतर प्यार के गीत पिरोऊँ।

– श्रीमती वर्षा ठाकुर

ख़ास पाती

खुदा की क़सम इतने तरसे

खुदा की क़सम इतने तरसे नहीं थे नमी तो रही, अश्क ढलके नहीं थे हुए दूर तुमसे ये सच है मगर हम न गुज़रा कोई पल, जो रोये नहीं थे उसी बात पर आज भी हम हैं क़ायम किसी और से कोई रिश्ते नहीं थे ये ख़ामोशियाँ क्यूँ लबो पे हैं तारी कभी आप चुप -चुप तो रहते नहीं थे कहीं दूर तक दरमियाँ तेरे - मेरे ख़फ़ा होने के कोई किस्से नहीं थे हुए तल्ख़ लहजे न जाने तेरे क्यूँ कभी भूलवश भी तो बहके नहीं थे यूँ दिल का लगाना नहीं ठीक साहिब क़सम खाके कह दो, कि कहते नहीं थे।

- सुरेश अग्रवाल अधीर

साथ मिले अपनों का तो,दुख कम

साथ मिले अपनों का तो,दुख कम होने लगता है। यादों के मौसम में मन, पुरनम होने लगता है।। भीड़ भरे चौराहे पर,जब भी नज़र घुमाता हूँ, दुनिया है मशरूफबहुत, ये भ्रम होने लगता है। खोई छाँव दरख्तों की,फूलों से खुशबू गायब, ऐसे ही बदलावों को ,सुन गम होने लगता है। जब भी वतनपरस्ती में,लोग फना हो जाते हैं, श्रद्धा में उनके आगे ,सर खम होने लगता है। तू सबका सब तेरे हैं, सुनता आया बचपन से, दर पर जा देखा तो शक,हमदम होने लगता है।

- डॉ बिपिन पाण्डेय

खुद की खुद से पहचान जरूरी

खुद की खुद से पहचान जरूरी है। दिल नेक वफ़ा ईमान जरूरी है। भूलकर न भूले जो वजूद अपना, ऐसा खुद्दार इंसान जरूरी है। कैफ़ियत खौफ़ज़दा नहीं अच्छी, बोली से पाक ज़ुबान जरूरी है। इज्जत मिले इज्जत यहां देकर, उम्दा रहे सोच गुमान जरूरी है। बीती जाती है हर घडी हर लम्हा, जिंदा बाकी रहें निशान जरूरी है।

- दीपा गुप्ता

शान से छूकर फलक को

शान से छूकर फ़लक को मुस्कराती हैं पतंगें। ज़िन्दगी के गीत गाती मन-लुभाती हैं पतंगें।। दे रहीं संदेश प्रिय को प्रेम की पाती बनी हैं, ओढ़ कर चूनर सलोनी सी लजाती हैं पतंगें। शीत की करने विदाई हाथ में ले तिल-मिठाई, सूर्य को देने निमंत्रण आज आती हैं पतंगें। डोर जिसके हाथ में हो मौज़-मर्ज़ी बस उसी की, बे-ख़बर अंजाम से हँसती - हँसाती हैं पतंगें। हो रहे हैं देवता रवि उत्तरायण इसलिए अब, मौन क्यों होंगे 'अधर' जब गुनगुनाती हैं पतंगें।। **– शुभा शुक्ला मिश्रा 'अधर**

यूँ तो हवा के रुख को

यूँ तो हवा के रुख को समझती है पतंगें, फिर भी बुरे हालत से लड़ती है पतंगें, कटती है, उतरती है और चढ़ती है पतंगें, उम्मीद के धागे से ही बढ़ती है पतंगें गिरती है, सम्हलती है, मचलती है पतंगें, बेखौफ तमन्नाओं सी उड़ती है पतंगे। **– अमरजीत सिंह छाबड़ा**

रात दिन का यह सिलसिला क्यूँ

रात दिन का यह सिलसिला क्यूँ है तू मेरा है तो फ़िर जुदा क्यूँ है दीदा-ओ-दिल में रिफ़ाक़त है तो फ़िर हम में तुम में यह फासला क्यूँ है सारे दरवाज़े मुझ पे बन्द करके वो दरीचों से झाँकता क्यूँ है चीखता हूँ मैं खुद ही खिलवत में सोचता हूँ यह शोर -सा क्यूँ है तुम हो पहलू में फ़िर भी दिल यह मेरा जाने तुझको ही ढूँढ़ता क्यूँ है। **– अनु मित्तल**

जो'सच्चे भाव दिल में रख प्रभु

जो'सच्चे भाव दिल में रख प्रभु के गान गाता है विधाता के बनाये मार्ग पर बस चलते जाता है नहीं होगा कभी उसका कहीं से बाल भी बांका सभी संकट से उसको बस वही ईश्वर बचाता है।

– संजय कुमार गिरि

QUIZ TIME

1) भारत को कितने वर्ष के लिए फिर से अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का अध्यक्ष चुन लिया गया है?
2) 'जगनन्ना विद्या कनुका' किस राज्य की प्रमुख योजना है?
3) किस राज्य सरकार ने किसानों के उन्नयन के लिए किसान कल्याण कोष बोर्ड स्थापित करने का फैसला लिया है?
4) मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना किस राज्य की एक प्रमुख योजना है?
5) किस भारतीय युवा शतरंज खिलाड़ी ने चेस डॉट कॉम की जूनियर स्पीड ऑनलाइन चेस चैंपियनशिप 2020 जीत ली?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 2 वर्ष (2) आंध्र प्रदेश (3) कर्नाटक (4) उत्तराखंड (5) भरत सुब्रमण्यम

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1556- स्पेन के सम्राट कैरेल ने अपने पुत्र फिलीप द्वितीय को अपना उत्तराधिकारी चुना। 1581- ब्रिटेन में संसद ने रोमन कैथलिक ईसाइयों के खिलाफ कानून पारित किया। 1681- महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में छत्रपति शिवाजी के पुत्र संभाजी का भव्य राज्याभिषेक हुआ। 1769- कलकत्ता (अब कोलकाता) के अकरा में पहली बार सुनियोजित घुड़दौड़ का आयोजन किया गया। 1901- भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रवादी, समाज सुधारक, विद्वान और न्यायविद महादेव गोविन्द रानाडे का निधन। 1938- प्रख्यात बंगाली साहित्यकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का निधन। 1943- इंडोनेशिया के अंबोन द्वीप पर अमेरिकी वायुसेना का पहला हवाई हमला। 1947- विंसेंट ऑरियल फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये। 1955- पुणे में खड्गवासला राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का औपचारिक रूप से उद्घाटन। 1966- भारत के शिक्षाविद एवं स्वतंत्रता सेनानी साधु वासवानी का निधन। 1989- मलयालम सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक प्रेम नजीर (मूल नाम अब्दुल खादिर) का निधन। इनके नाम सबसे अधिक 600 फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाने का विश्व रिकार्ड है। 1989 - सोवियत संघ ने मंगल ग्रह के लिए दो साल के मानव अभियान की योजना की घोषणा की। 2003 - भारतीय मूल की कल्पना चावला दूसरी अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना। 2006 - समाजवादी नेता माइकल बैशलेट चिली की प्रथम महिला राष्ट्रपति चुनी गयीं। 2009- उत्तर प्रदेश को हराकर मुम्बई ने रिकॉर्ड 38वीं बार रणजी चैम्पियनशिप जीती।

बेमौसम बारिश से खरीदी प्रभावित 15 दिन धान खरीदी बढ़ाने की मांग

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमौसम बारिश ने क्षेत्र के किसानों की परेशानी बढ़ा दी हैं। एक ओर जहां फसलों को नुकसान पहुंचा है, वही सरकारी केंद्रों में धान की खरीदी प्रभावित हुई हैं।

केंद्रों में शनिवार से धान की खरीदी बंद हैं। इसलिए किसान नेता योगेश तिवारी ने धान खरीदी की समय सीमा 15 दिन बढ़ाए जाने की मांग की हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक क्षेत्र के हजारों किसान धान नहीं बेच पाए हैं। सप्ताह भर से खरीदी बंद हैं।

वही जनवरी माह में सिर्फ 9 दिन खरीदी होनी हैं। ऐसी स्थिति में सभी किसानों से समय सीमा में धान की खरीदी करना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के किसानों से लगातार संपर्क में है, जो धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। किसान नेता ने कहा कि इस संबंध में बेमेतरा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। धान खरीदी की समय सीमा नहीं बढ़ाए जाने की स्थिति में क्षेत्र के किसानों के साथ आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। राज्य सरकार के द्वारा जल्द ही समय सीमा बढ़ाए जाने की घोषणा की जानी चाहिए ताकि किसानों में असमंजस की स्थिति ना हो और वह धान की खरीदी को लेकर निश्चिन्त रहें। गौरतलब हो कि सरकारी केंद्रों में 1 दिसंबर से 31 जनवरी तक कुल 42 दिन धान की खरीदी होनी थी लेकिन बेमौसम बारिश से खरीदी प्रभावित हुई और अभी तक सिर्फ 25 दिन ही खरीदी हो पाई हैं। अभी भी किसानों से 1 लाख 80 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी शेष है, जो 9 दिनों में खरीदी किया जाना संभव नहीं हैं। इसलिए धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाए जाने की मांग की जा रही हैं।

तिल्दा व खरोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑक्सीजन उत्पादन प्रारंभ

खरोरा/नवप्रदेश। खरोरा-तिल्दा और खरोरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ऑक्सीजन संयंत्र उत्पादन के लिए तैयार है। कोविड के बढ़ते प्रकोप की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन की सहायता में अदाणी पॉवर के रायपुर एनेर्जेन लिमिटेड (आरईएल) और अदाणी फ़ाउंडेशन के माध्यम से पिछले दो वर्षों से हर मुमकिन कोशिश में जुटे हुए है। अदाणी पॉवर द्वारा संचालित रायपुर एनेर्जेन और अडाणी फाउंडेशन प्रबंधन ने ऑक्सीजन सिलिंडर की कमी को देखते हुए दो विकास खंडो तिल्दा एवं खरोरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ऑक्सीजन उत्पादन सयंत्र लगाने का कार्य शुरू किया था जो अब साकार हो गया है। लगभग 1.50 करोड़ की लागत से स्थापित इन दोनों प्लांट से ऑक्सीजन का उत्पादन अब शुरू हो गया है। उल्लेखनीय है कि एक स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित किये गए संयंत्र की ऑक्सीजन उत्पादन क्षमता 30 क्यूबिक मीटर प्रति घंटा अर्थात प्रतिदिन करीब 100 नग सिलिंडर के बराबर है। अतः दोनों केंद्रों से प्रतिदिन 200 नग ऑक्सीजन सिलिंडरों के बराबर का गैस का उत्पादन होगा जो की इस संयंत्र से

ऑक्सीजन गैस पाइप लाइन के जरिए अस्पताल के वार्डों के मरीजों के बिस्तर तक सीधी ही पहुंचेगी। रायपुर एनेर्जेन प्रबंधन द्वारा सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तिल्दा तथा खरोरा के दोनों संयत्रों को ऑक्सीजन उत्पादन हेतु तैयार कर दिया गया है। साथ ही भविष्य में इसके संचालन तथा रखरखाव का उत्तरदायित्व विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एके सिन्हा एवं डॉ. देवधर को गत दिवस हस्तांतरित किया गया। वहीं इसका औपचारिक पत्र रायपुर जिले की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मीरा बघेल को रायपुर में सौंपा गया। हस्तांतरण की प्रक्रिया के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय से मनीष मेजरवार, अभिषेक सिंह तथा गजेंद्र डोंगरे माजूद थे। अदाणी पॉवर के रायपुर एनर्जन से स्टेशन प्रमुख रामभव गट्टू, पृथ्वीराज लाहिड़ी, दीपक सिंह, कनक अग्रवाल तथा अदाणी इंटरप्राइजेज से श्री अमित रॉय चौधरी उपस्थित थे। कलेक्टर सौरभ कुमार ने इन संयंत्रों को रायपुर जिले की एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए खुशी जाहिर की साथ ही अदाणी पॉवर और रायपुर एनेर्जेन को धन्यवाद देते हुए आगे भी जिला प्रशासन को कोरोना महामारी से लड़ाई में साथ देने की बात कही। यह उल्लेखनीय है की पिछले दिनों अदाणी पॉवर व रायपुर एनर्जन लिमिटेड को कोरोना काल में जिला प्रशासन को विशेष सहयोग के लिए कलेक्टर महोदय ने आभार पत्र देकर सम्मानित भी किया है।

अकलतरा में विभिन्न स्थानों पर मनाया गया युवा दिवस

अकलतरा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अकलतरा द्वारा 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयन्ती के अवसर पर युवा दिवस का कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें अकलतरा इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा 5 दलों में 5 विभिन्न स्थानों रामकुटी मंदिर, पुष्पवाटिका, थाना रोड, केदारनाथ मंदिर एवं ग्राम फ रहदा में माल्यर्पण व पुष्पांजलि का कार्यक्रम किया गया। साथ ही कोविड-19 से बचाव और कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए सावधानियां बरतने, कोविड से जुड़े आचार व्यवहार का अनुसरण करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करने की शपथ दिलाई। इसमें मास्क, फेस कवर पहनने एवं

दूसरों से दो गज की दूरी बनाकर रखने, नियमित रूप से साबुन और पानी से हाथ धोने, कोविड के लक्षण महसूस होने पर तत्काल चिकित्सा सलाह लेने एवं मिलकर कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई जीतने की तथा कोरोना वायरस रोगी और जरूरतमंदो की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने व कोविड-19 महामारी से बचने के सभी उपायों से गाँव, ढाणी, वार्ड, मौहल्ले के जन-जन को प्रेरित करने की भी शपथ दिलाई गई । इसके साथ ही तहसील अकलतरा के पास मास्क का वितरण तथा ग्राम फ़रहदा में रंगोली तथा दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम भी किया गया।

पान व जर्दा युक्त पान मसाला के भंडारण की शिकायत पर मारा छापा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पान मसाला व जर्दा युक्त पान मसाला के भंडारण की शिकायत पर अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन सह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव के निर्देशानुसार नंदई स्थित राजश्री पान मसाला के गोदाम मेसर्स हेमंत ट्रेडर्स के यहां निरीक्षण किया गया। जहां मौके पर 55 बोरी राजश्री पान मसाला भंडारण पाया गया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2011 के तहत खाद्य लायसेंस पाया गया। तम्बाकू अपमिश्रण के संदेह व खाद्य मानक गुणवत्ता जांच के लिए 2 विधिक नमूना जांच हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेमीचंद पटेल द्वारा राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर को भेजा गया।

आटो चोरी कर नंबर बदलकर चलाने वाले हुए गिरफ्तार

राजनांदगांव। आटो रिक्शा चोरी करने वाले दो आरोपितों को कोतवाली पुलिस ने भिलाई से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बीते पांच जनवरी की दरमियानी रात भिलाई छावनी चौक निवासी अफ़ज़ल खान ने शहर के लखोली से सोमन साहू के घर के बाहर खड़ी आटो सीजी 08 डब्ल्यू 2252 को चोरी किया था। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित आटो का नंबर बदलकर उसे चला रहा था। प्रार्थी सोमन साहू ने दूसरे ही दिन कोतवाली थाना पहुंचकर घर के बाहर खड़ी आटो के चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने लखोली से शहर के विभिन्न रूटों पर लगे सीसीटीवी कैमरे से फ़ुटेज जांच की। पुलिस ने हाइवे में ठाकुरटोला स्थित टोल प्लाजा में भी सीसीटीवी फ़ुटेज खंगाली, जिसमें एक आटो रिक्शा को दुर्ग-भिलाई की ओर जाते देखा गया। संदेह होने पर पुलिस की एक टीम भिलाई रवाना हुई। यहां छावनी चौक भिलाई में उसी आटो रिक्शा जिसका नंबर सीजी 07 टी 2466 को देखा गया। पुलिस के आने की भनक लगने के बाद आरोपित अफ़ज़ल भागने की कोशिश करने लगा, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपित को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की, जिसमें आरोपित अफ़ज़ल खान ने लखोली से आटो चोरी करना स्वीकार किया। बताया कि अपने साथी शिवपुरी जामुल में रहने वाले शेख फैजल के साथ चोरी किया और आटो का नंबर बदल कर उसे शिवपुरी जामुल में आरोपित फैजल के पास रखवा दिया था।

भूपेश के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का हो रहा समुचित विकास : रानू

कवर्धा/नवप्रदेश। शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रानू दुबे ने प्रेस जारी करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद से विकास अपनी सही दिशा में अग्रसर है।

निर्माण की कल्पना का आधारशिला रख मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में समुचित विकास हो रहा है। 2000 में छत्तीसगढ़ का उदय हुआ तब कांग्रेस को नेतृत्व मिला था जिन्होंने समूचे छत्तीसगढ़ की कायाकल्प कर विकास को घर-घर तक पहुंचाने का काम किया था। स्वर्गीय अजीत जोगी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ मजबूत और सशक्त बना था।

मात्र ढाई वर्ष में ही छत्तीसगढ़ की पावन धरा राष्ट्रीय स्तर पर धूम मचाने लगा था, पर अनहोनी घड़ी कूटनीति हुई षड्यंत्र का शिकार जनता हुई और डॉ रमन सिंह का नेतृत्व राज्य को मिला फिर 15 वर्ष तक लगातार बीजेपी सत्ता पर विराजमान रहा और कई अनैतिक कार्य होते रहे,

किसान छलते रहे, युवा गुमराह होते रहे और विकास सिर्फ बीजेपी तक ही सीमित रह गई थी। लोगों को शराब की लत डॉ रमन सिंह का ही देन है। उनके नेतृत्व में ही शराब गांव गांव और गली गली पहुंचा था फि र क्या लोगों में शराब उन्हें ऐसी जगह बना ली कि आज तक एक विषाणु की तरह दिनचर्या में लत का रूप धारण कर लिया है।

भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की हो रही बरसात

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरो अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार नए साल में विकास कार्यों के लिए धन वर्षा कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों के लिए एक से बढ़कर एक सौगात दे रहे हैं। विकास कार्यों के एक करोड़ रुपये की अधिक की सौगात दी है। इसी कड़ी में उनकी अनुशंसा पर विकास कार्य के लिए एक और 11 लाख 26 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। जिनमें नगर पंचायत खोंगापानी के वार्ड नं 8 में सांस्कृतिक शेड निर्माण के लिए 5 लाख, ग्राम पंचायत नागपुर में रामलीला मैदान में सांस्कृतिक मंच निर्माण हेतु 1 लाख 80 हजार, ग्राम पंचायत सिंघोर में देवल्ला के पास सांस्कृतिक शेड निर्माण हेतु 1 लाख 50 हजार, ग्राम पंचायत बेलिया में स्कूल के पास सांस्कृतिक शेड निर्माण हेतु 1 लाख 50 हजार, ग्राम पंचायत कछार में पंडाल के पास सांस्कृतिक शेड 1 लाख 46 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है।

छत्तीसगढ़ शासन ने 14 वें वित्त आयोग अंतर्गत प्रस्तावों की कार्य योजना में विकास कार्य हेतु 75 लाख 41 हजार की राशि प्रदान की है। जिनमें नाली निर्माण, सांस्कृतिक शेड निर्माण समेत अन्य कार्य शामिल हैं।

कोविड नियमों का पालन कर मोहल्ला साक्षरता कक्षा का होगा संचालन

नगरी/नवप्रदेश। केंद्र प्रवर्तित पढ़ना लिखना अभियान के वनांचल क्षेत्र स्थित आदिवासी विकासखंड नगरी में प्रभावी क्रियान्वयन के लिए द्वितीय चरण में चयनित नगर पंचायत क्षेत्र के वार्डों में वार्ड प्रभारी तथा विकासखंड के ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत प्रभारी नियुक्त किया जाकर स्वयं सेवी शिक्षकों के माध्यम से प्रौढ़ असाक्षरों को साक्षर करने मोहल्ला साक्षरता कक्षाओं का प्रारंभ किया जा रहा हैं।

नोडल प्राचार्यो, संकुल शैक्षिक समन्वयकों, प्रधान पाठकों को निर्देश जारी कर वार्ड प्रभारी एवं ग्राम पंचायत प्रभारी की नियुक्ति किये जाने के लिए निर्धारित प्रारूप में दस दिवस के भीतर प्रस्ताव मांगा गया है। बीईओ सतीश प्रकाश सिंह ने सभी नोडल प्राचार्यो, संकुल शैक्षिक समन्वयकों, प्रधान पाठकों को पढ़ना लिखना अभियान के तहत कोविड-19 से बचाव एवं सुरक्षा हेतु निर्धारित प्रोटोकॉल का

पालन करते हुए मोहल्ला साक्षरता कक्षाओं का संचालन कराने के लिए आवश्यक तैयारी करने हेतु निर्देशित किया है।

मोहल्ला क्लास प्रारंभ करने से पूर्व आवश्यकता अनुसार स्रोत व्यक्ति, कुशल प्रशिक्षक, स्वयंसेवी शिक्षकों का उन्मुखीकरण एवं नए स्वयंसेवी शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। मोहल्ला साक्षरता क्लास का चिन्हांकन एवं कक्षावार प्रभारियों की नियुक्ति व प्रशिक्षण आयोजित किया जावेगा 7 प्राचार्य,संकुल शैक्षिक समन्वयकों को पढ़ना लिखना अभियान के तहत प्रथम चरण में सफ ल शिक्षार्थियों से बुनियादी साक्षरता प्रवेशिका, मार्गदर्शिका संकुल से आवश्यकता अनुसार पाठ्य सामग्री क्लास में व्यवस्था करने अधिकृत नारे, प्रेरणा गीत का उपयोग करने निर्देशित किया गया है। मोहल्ला साक्षरता क्लास में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के यूटयूब चैनल व छत्तीसगढ़ पीएलएएप में उपलब्ध सामग्री का शिक्षार्थियों द्वारा उपयोग सुनिश्चित कराया जाएगा। मोहल्ला साक्षरता कक्षाओं में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए साक्षरता कक्षा में नवाचारी गतिविधियों के साथ शिक्षार्थियों को 120 घंटे बुनियादी साक्षरता प्रवेशिका का अध्यापन कराएंगे।

डीएमएफ की बैठक में 159 करोड़ रूपए से अधिक के कार्य स्वीकृत

बीजापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित डीएमएफ की शासी परिषद की बैठक में 159 करोड़ 18 लाख रूपए राशि के प्रस्ताव स्वीकृत किए गए है।

इसमें कृषि एवं संबंध गतिविधियों पर सबसे अधिक 30 करोड़ 84 लाख एवं स्वास्थ्य देखभाल में 15 करोड़ 10 लाख राशि का प्रावधान रखा गया है। शासकीय चिकित्सालयों में स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के उन्नयन, गहन चिकित्सा इकाई से संबंधित सुविधाएँ, स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक अद्योसंरचना का सृजन एवं सभी आवश्यक उपाय शामिल है।

जिला पंचायत सीईओ रवि कुमार साहू ने परिषद के समक्ष पूरी कार्य योजना प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि कुल 159 करोड़ 18 लाख रूपए राशि कार्य योजना का प्रस्ताव शासी समिति के समक्ष अनुमोदन के लिए रखा गया है। जिसमें उच्च प्राथमिकता के 60 प्रतिशत अन्य प्राथमिकता के 40 प्रतिशत एवं भौतिक अद्योसंरचना के 20 प्रतिशत के लगभग कार्य शामिल है।

बिना पढ़ाए ही ले रहे है वेतन तो कहीं शिक्षक ही नहीं : पॉल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शिक्षा सत्र समाप्त हो रहा है और सरकारी स्कूलों में जिला शिक्षा अधिकारी हेतराम सोम के द्वारा शिक्षकों की कमी को दूर नहीं किया जा सका है, जगह-जगह ग्रामीण शिक्षकों की कमी को लेकर सरकारी स्कूलों में तालाबंदी कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल का कहना है कि सत्र के आरंभ से ही

हम एकल शिक्षकीय शालाओं और शिक्षक विहीन शालाओं में शिक्षकों की व्यवस्था की मांग कर रहे, लेकिन आज तक शिक्षकों की कमी दूर नहीं किया गया जो चिंता है विषय है। श्री पॉल ने बताया कि कलेक्टर को पुनः पत्र लिखकर सरकारी स्कूलों में दर्ज संख्या के अनुसार शिक्षकों की व्यवस्था करने की मांग की गई है।

पढ़िए, इन स्थितियों को...

1. स्टेट स्कूल (पूर्व माध्यमिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल) राजनांदगांव जो विगत तीन वर्षो से इंग्लिश मिडियम स्कूल हो चुका है, यहां चार हिन्दी मीडियम शिक्षकों की पोस्टिंग कर दिया गया जो विगत एक वर्ष से बिना अध्यापन कार्य कराए ही वेतन अहरण कर रहे हैं। प्राचार्य ने दो बार डीईओ को लिखित जानकारी दी है कि इन अतिशेष शिक्षकों की उनके स्कूल में कोई आवश्यकता नहीं है।
2. स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल (म्युनिस्पल स्कूल) राजनांदगांव में 9 शिक्षकों की आवश्यकता थी, पूरा साल समाप्त हो चुका सिर्फ3 शिक्षकों की पोस्टिंग हुई। अभी भी 6 और शिक्षकों की आवश्यकता है। प्राचार्य ने इस बात जानकारी डीईओ को कई बार दे दी है।
3. विद्या मंदिर प्राथमिक शाला मुल्हेटीटोला, अं. चौकी, जिला राजनांदगांव में दर्ज संख्या सिर्फ47 है और दो शिक्षक पदस्थ है, लेकिन इस स्कूल में तीन और शिक्षकों की पोस्टिंग कर दिया और यह तीन शिक्षक अतिशेष शिक्षक हैं।
4. पूर्व माध्यमिक शाला, आयबांधा, छुरिया जिला राजनांदगांव में दर्ज संख्या 125 है और सिर्फ दो शिक्षक पदस्थ है। इस स्कूल में दो और शिक्षकों की आवश्यकता है और ग्रामीण विगत तीन महीनों से डीईओ के चक्कर काट रहे हैं।

मांग पत्र | लंबित डीए व एरियर्स भुगतान की मांग को लेकर कर्मचारी संघ फिर लामबंद, आंदोलन की दी चेतावनी

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हसौद/नवप्रदेश। राज्य के कर्मचारी-अधिकारियों के मौलिक अधिकार महंगाई भत्ता केंद्र के समान एवं सातवें वेतनमान अनुसार गृह भाड़ा भत्ता स्वीकृत करने की मांग को लेकर जिला संयोजक राधे लाल भारद्वाज के मार्गदर्शन में फेडरेशन के तहसील संयोजक जैजैपुर हरगोविंद सिंह कोशले ने तहसीलदार जैजैपुर को ज्ञापन सौंपा।

फेडरेशन के 14 सूत्रीय मांग पत्र के मुद्दों के निराकरण हेतु प्रमुख सचिव स्तरीय कमेटी का गठन 17 सितंबर 2021 को किया गया था जिसमें समिति को परीक्षण कर अपना अभिमत शासन के समक्ष प्रस्तुत करना था, परंतु तीन माह का समयावधि व्यतीत हो जाने के बावजूद कर्मचारियों के संज्ञान में समिति के द्वारा की गई कार्यवाही की

कोई जानकारी नहीं है जोकि अत्यंत खेद का विषय है इससे राज्य के कर्मचारी अधिकारी आक्रोशित है, राज्य शासन के द्वारा 14 प्रतिशत लंबित महंगाई भत्ता 1 जुलाई 2019 से 30 जून 2021 तक (कुल 2 वर्ष) 5: दर पर महंगाई भत्ता के बकाया एरियर्स का भुगतान, सातवें वेतन पर गृह भाड़ा भत्ता स्वीकृति एवं सातवें वेतनमान का बकाया एरियर्स के भुगतान को देय तिथि अनुसार नहीं कर प्रदेश के कर्मचारियों-अधिकारियों व पेंशनरों के सेवा शर्तों संबंधी मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है, जबकि 4 सितंबर 2021 को मुख्यमंत्री निवास में फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा के दौरान दो वर्ष के बकाया एरियर्स के भुगतान के तरीकों पर निर्णय करने का आश्वासन दिया गया था, जिसपर फेडरेशन बकाया एरियर्स के संबंध में शीघ्र निर्णय लेने अनुरोध करता है। अतः छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन तहसीलदार जैजैपुर के द्वारा ज्ञापन सौप कर माननीय मुख्यमंत्री से मांग किया गया है कि प्रदेश के शासकीय सेवकों को केंद्र के समान लंबित 14: महंगाई भत्ता एवं सातवें वेतनमान के अनुरूप अनुसार गृह भाड़ा भत्ता तत्काल स्वीकृत करने के निर्देश जारी करने ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर फैडरेशन के तहसील संयोजक हरगोविंद कोशले, महासचिव बीरेन्द्र धिरहे, पुरुषोत्तम कोशले, कुमारिन आगरे, चन्द्रप्रकाश चन्द्रा व फेडरेशन के सभी कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

नुक्कड़ नाटक ने किसानों के लिए किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। रिलायंस फाउंडेशन के द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना एवं कृषकों हेतु बाजार व्यवस्था के विषय में नुक्कड़ नाटक के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में 15 गांव के लगभग 4000 किसानों ने इसे देखा और सराहा। नुक्कड़ नाटक राजनांदगांव के प्रसिद्ध लोकझांझर के लोक कलाकार के द्वारा प्रस्तुत किया गया, इसमें छत्तीसगढ़ी भाषा में ग्राम पंचायत के विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक करने का अभियान था, जिससे ग्राम पंचायत विकास योजना को बेहतर तरीके से संचालित किया जा सके। साथ ही किसानों को जानकारी दी गई कि अपने कृषि उत्पाद के लिए बेहतर बाजार व्यवस्था कैसे करें। राजनांदगांव से ग्राम कसारी, सालटेकरी, ठाकुरटोला, कोलेंद्रा, सहसपुर, बोदला, मुंदगांव, मकरनपुर, खैरी, कोपेडीही, खपरीकला,

बासूला, पदुमतरा, डोम्हाटोला एवं मोहबा ग्राम में नाटक का मंचन किया गया। लोक नाटक के द्वारा कार्यक्रम के मंचन में इन सभी ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंच का बेहद सराहनीय योगदान रहा। इस कार्यक्रम को सफ ल बनवाने में रिलायंस फाउंडेशन की ओर से गोपालदास साहू ग्राम पेटेश्री, तेजस्वी वर्मा ग्राम बासुला, राघवेंद्र कुमार राजेकर ग्राम सालटिकरी का विशेष योगदान रहा।

जेएसपीएल फाउंडेशन से मिले प्रोत्साहन से छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय ग्रेपलिंग में 4 पदक

रायगढ़/नवप्रदेश। 14वीं राष्ट्रीय ग्रेपलिंग चैम्पियनशीप प्रतियोगिता में जेएसपीएल फ ाउंडेशन के सहयोग से भाग लेने पहुंची छत्तीसगढ़ की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए एक सिल्वर तीन कांस्य पदक झटक कर अपनी सार्थक उपस्थिति दर्ज कराई है। महाराष्ट्र प्रदेश के शिरडी में 24 से 26 दिसंबर के मध्य हुए राष्ट्रीय ग्रेपलिंग चैम्पियनशीप प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ग्रेपलिंग के 16 सदस्यीय दल में 14 खिलाड़ी और 02 कोच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इस खेल के प्रति उम्मीद जगाई है। जेएसपीएल फाउंडेशन खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने प्रारम्भ से अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रही है। जिसकी सुखद परिणीति रही है कि जिले एवं प्रदेश के विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वयं को साबित किया है। इसी क्रम में महाराष्ट्र के शिरडी में आयोजित राष्ट्रीय ग्रेपलिंग चैम्पियनशीप प्रतियोगिता में भाग ले रही छत्तीसगढ़ ग्रेपलिंग के टीम में क्रमशः रायगढ़ जिले के 08 खिलाडी रायपुर से 04, महासमुंद से 02 खिलाडी एवं 02 कोच मैनेजर सहित कुल 16 सदस्यीय दल को प्रोत्साहन दिया गया। 24 से 26 दिसंबर के मध्य हुए प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ के सभी खिलाड़ियों को यात्रा व्यय, पंजीयन शुल्क सहित गणवेश ट्रेक शूट दिया गया। छत्तीसगढ़ ग्रेपलिंग एसोसिएशन के प्रादेशिक सचिव एवं मुख्य कोच देव अवतार ने जेएसपीएल फ ाउंडेशन द्वारा मिले प्रोत्साहन के प्रति आभार जताते हुए कहा की इस प्रोत्साहन से खिलाडी एवं कोच राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं के लिए स्वयं को तैयार कर सकेंगे। इससे आने वाले समय में जंहा खिलाडियों को अवसर मिलेंगे वंही रेफ री अथवा कोच भी तैयार किये जा सकेंगे। गौरतलब है की ग्रेपलिंग भारत का एक पुराना खेल है जिसे मल्ल युद्ध भी कहा जाता है और महाभारत के दौरान जरासंघ तथा भीम के मध्य यही खेला हुआ था। इस खेल को विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में शामिल किया गया है जिससे आने वाले समय में खिलाड़ियों को अपने खेल को प्रदर्शन करने और भी अधिक अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। जे एस पी एल फाउंडेशन के सहयोग से इसके पूर्व भी जिले एवं छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी क्रमशः किक बॉक्सिंग के राष्ट्रीय स्पर्धा तथा राष्ट्रीय माउन्टेन बाइक साईकिल रेस पुणे महाराष्ट्र व रोड साइक्लिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता कुरुक्षेत्र हरियाणा सहित राज्य स्तरीय साईकिल पोलो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक हासिल कर चुके हैं।

गणतंत्र दिवस समारोह के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जांजगीर में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह कोविड 19, प्रोटोकॉल का पालन करते हुए हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य समारोह जिला मुख्यालय जांजगीर में आयोजित किया जाएगा। संसदीय सचिव चंद्रदेव राय समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। राज्य शासन द्वारा गणतंत्र दिवस मनाने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किया गया है। पूर्व वर्ष की भांति समारोह का आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक किया जाएगा। कलेक्टर जितेन्द्र शुक्ला द्वारा जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन के संबंध में विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम के सुव्यवस्थित क्रियान्वयन की जिम्मेदारी अपर कलेक्टर लीना कोसम और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी को दी गई है। समारोह का आयोजन जांजगीर के हाई स्कूल क्रमांक 01 के मैदान में होगा। मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण पश्चात मुख्यमंत्री का जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परेड, सलामी, हर्ष फ ायर एवं मार्चपास्ट आदि कार्यक्रमों का आयोजन होगा। परेड का आयोजन केवल जिला मुख्यालय में होगा। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कोरोना वारियर्स, स्वच्छता कर्मियों, पुलिस बल आदि को सम्मानित किया जाएगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और नक्सली घटना में शहीद परिवार के परिजनों को मुख्य समारोह में आमंत्रित कर लाने और पहुंचाने की जिम्मेदारी पुलिस विभाग को सौंपी गई है। कलेक्टर ने आमंत्रण पत्र छपवाने, वितरण करवाने, मंच निर्माण, पंडाल व्यवस्था, विद्युत एवं माईक की व्यवस्था, ग्राउंड व्यवस्था, बेरिकेटिंग व्यवस्था, साज-सज्जा, पेयजल, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यक्रम स्थल पर थर्मल स्केनिंग, सेनेटाइजर की व्यवस्था की जिम्मेदारी सीएमएचओ को दी गई है। जारी आदेश में झंडा संहिता का पालन करने के निर्देश दिये गये है। सभी शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक भवनों में प्रातः 7.30 बजे ध्वजारोहण कर अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान गाया जाएगा। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की रात्रि में सभी शासकीय सार्वजनिक एवं राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी। परेड का रिहर्सल 15 जनवरी से प्रारंभ होगा एवं अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को प्रातः 9 बजे हाई स्कूल मैदान में किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशानुसार समय पर तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

केलो महाआरती कार्यक्रम में शामिल हुई सुषमा नायक

रायगढ़/नवप्रदेश। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर शुक्रवार की शाम राजघाट रायगढ़ में केलो उद्धार समिति द्वारा आयोजित केलो महाआरती कार्यक्रम में रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक की धर्मपत्नी सुषमा नायक शामिल हुई। शासन द्वारा जारी कोविड नियमों का पालन करते हुए विधिवत रायगढ़ जीवन दायिनी केलो मईया की विधिवत पूजा अर्चना व आरती की गई। इस मौके पर सुषमा नायक ने रायगढ़ व क्षेत्रवासियों के लिए सुख-समृद्धि व मंगलकामना की। इसके साथ ही उन्होंने सभी नगरवासियों को मकर पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी। शहर के विद्वान पंडित ब्रजेश्वर मिश्रा व अन्य पंडितों द्वारा पूजा आराधना व महाआरती कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से नगर निगम के सभापति जयंत ठेठवार, एल्डरमैन नगर निगम रायगढ़ दयाराम धुर्वे, पार्षद प्रभात साहू, तारा श्रीवास, रिंकू केशरी, विकास बोहिदार सहित रायगढ़ केलो उद्धार समिति के पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद थे।

कोविड से मृत लोगों के परिजनों को सहायता राशि स्वीकृत

रायगढ़/नवप्रदेश। छग शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा जारी आदेशानुसार रायगढ़ जिले में कोविड-19 कोरोना वायरस से मृत व्यक्तियों के परिजनों व आश्रितों को कलेक्टर रायगढ़ के अनुमोदन उपरांत संबंधित अनुविभाग के एसडीएम व तहसीलदार के प्रकरण पश्चात पात्र पाए गए 15 मृतकों के नजदीकी वारिसानों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कार्यालय, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील खरसिया अंतर्गत 14 व्यक्ति जो कोविड से मृत्यु पश्चात पात्र पाए गए इनमें सवारिया लाल, सुभाष अग्रवाल, अब्दुल गफ्फार, उत्तम लाल पटेल, ब्रिज कुमार, चुड़ामणी, कबिता धनुवार, भिरेन्द्र मैत्री, सुरेश राम, बजरंग लाल, पानादेवी, भुवनलाल, रमेश कुमार एवं ओमप्रकाश तथा लैलूंगा ब्लाक अंतर्गत नानसाय लकड़ा शामिल है।

26 एवं 30 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

रायगढ़/नवप्रदेश। शासन द्वारा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी एवं महात्मा गांधी निर्वाण दिवस 30 जनवरी 2022 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर भीम सिंह ने उक्त शुष्क दिवसों पर जिले की समस्त देशी मदिरा (सी.एस.-2घघ), विदेशी मदिरा (एफएल.-1 घघ एवं एफएल.-3 होटल बार)दुकानों तथा भण्डारण भाण्डागार को पूर्ण रूप से बंद रखने हेतु आदेश जारी किया है। उक्त दिवसों में मदिरा विक्रय/परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने संबंधित विभाग को उक्त आदेश का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया है।

अब सिर्फ सोमवार को ही होगा कलेक्टर जनदर्शन

रायगढ़/नवप्रदेश। प्रति सप्ताह सोमवार व गुरूवार को होने वाले कलेक्टर जनदर्शन के शेड्यूल में कोविड के बढ़ते मामलों के मद्देनजर आंशिक संशोधन किया गया है। जिसके अनुसार अब कलेक्टर जनदर्शन प्रति सप्ताह सिर्फसोमवार पूर्वान्ह 11.30 बजे से होगा। गुरूवार को होने वाले कलेक्टर जनदर्शन को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

धरमजयगढ़ वन क्षेत्र में विचरण कर रहे 42 हाथी, ग्रामीणों में दहशत

रायगढ़/नवप्रदेश। वन मंडल अंतर्गत 42 हाथी अलग -अलग जगहों पर विचरण कर रहे हैं। ऐसे में हांथियों को लेकर प्रभावित क्षेत्रवासी समेत वन महकमे की चिंता बढ़ी हुई है। वैसे तो धरमजयगढ़ वन मंडल एक तरह से हांथीमय है, आए दिन क्षेत्र में हांथियों की आमद की खबर या फिर हांथियों से फसल व घर नुकसानी की खबर लगातार सुनने देखने को मिल रही है। हालांकि वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा एहतियातन लगातार हाथी प्रभावित इलाकों में लोगों को सचेत रहने जरूर जागरूक किया जा रहा है। क्षेत्र में हाथी आमद की खबर गांव में मुनादी कर दी जा रही ताकि किसी भी तरह की हानि से बचाया जा सके लेकिन यहां जिस तरह से क्षेत्र में हांथियों की आमद है लगातार हांथियों की तादाद बढ़ रही है उससे कहीं न कहीं यह लगता है कि शासन प्रशासन का यह कदम सुरक्षा की दृष्टि से निसंदेह पर्याप्त नही है इससे और उचित बेहतर ठोस कदम उठाने की शायद नितांत आवश्यक है जैसे यहां बात करें खासकर एलिफेंट कॉरिडोर का होना। मौजूदा समय देखा जाए तो धरमजयगढ़ वन मंडल अंतर्गत अलग-अलग जगहों पर 42 हाथी विचरण कर रहे।

कभी मजदूरी के लिए चलाते थे दूसरों का वाहन, अब बने स्वयं वाहन मालिक

रायगढ़/नवप्रदेश। शासन की योजनाएं किस तरह लोगों के जीवन में बदलाव ला रही है, इसका अंदाजा नवागांव निवासी देवसिंह राठिया के जीवन में आए बदलाव से लगाया जा सकता है। जो कभी मजदूरी के लिए दूसरों का वाहन चलाते थे। उनके दृढ़ निश्चय के फ लस्वरूप वो आज स्वयं वाहन के मालिक बन चुके है। पिछड़े एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए शासन की योजनाएं काफी मददगार साबित हो रही है। ऐसे लोग जो आर्थिक रूप से कमजोर है लेकिन स्वयं का रोजगार करना चाहते है। उनके सामने वित्तीय समस्याएं सबसे बड़ी अड़चन होती है। लेकिन राज्य शासन द्वारा लोगों के वित्तीय समस्याओं को अपनी योजनाओं के माध्यम से दूर कर लोगों को स्वरोजगार से जोड़ रही है। छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति/ जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सफ ाई कामगार वर्गो के आर्थिक विकास के लिए स्वरोजगार हेतु वित्तीय सहायता अल्प ब्याज पर ऋण स्वरूप प्रदान कराई जा रही है। जिससे शिक्षित एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग स्वयं का रोजगार निर्मित कर आज स्वावलंबी बन रहे है। विकासखंड रायगढ़ के ग्राम नवागांव के श्री देवसिंह राठिया अपनी आजीविका के लिए कृषि और मजदूरी कार्य पर निर्भर थे। देवसिंह राठिया कृषि और मजदूरी से होने वाले आय से परिवार का भरण-पोषण बड़ी मुश्किल से कर पाते थे। जिसके कारण उन्हें अतिरिक्त आय के लिए दूसरे के पास वाहन चालक का कार्य भी करना पड़ता था। नियमित कार्य के अभाव और मेहनत अनुरूप आय नहीं होने पर उन्होंने वाहन चालन की अपनी योग्यता को खुद के व्यवसाय में लगाने की सोची। जिससे उन्हें उनके मेहनत के हिसाब से मुनाफ ा मिल सके। जिसके लिए उन्होंने स्वयं का वाहन खरीदने का फैसला लिया। उन्हें अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित गुड्स केरियर योजनांतर्गत इकाई लागत 6 लाख 25 हजार में स्वीकृत इकाई, गुड्स कैरियर(माल वाहक वाहन) श्री राठिया को योजनानुसार जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-2021 में पिकअप वाहन को 8 प्रतिशत के साधारण ब्याज दर पर ऋ ण स्वरूप उपलब्ध कराई गई। जिससे आज स्वयं वाहन के मालिक बन चुके है। वाहन के क्रय के पश्चात श्री राठिया के जीवन स्तर में काफी बदलाव आ चुका है। श्री राठिया आज परिवार का भरण-पोषण सुगमता से कर पा रहे है। देवसिंह राठिया कहते है शासन की योजना ने उनका जीवन बदल दिया। अंत्यावसायी समिति कि ऋण की मासिक किश्त की राशि एवं वाहन मेन्टेनेंस के बाद 12-15 हजार की बचत हो रही है। जिससे वो अपने परिवार की जरूरतों एवं सुख-सुविधाएं के संसाधनों को बड़ी आसानी से जुटा पा रहे है। जिसके लिए उन्होंने शासन को इस योजना के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिलेगा राज्य स्तरीय प्रोत्साहन पुरस्कार

रायगढ़/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं, पदाधिकारियों को राज्य स्तरीय प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाने का निर्णय लिया गया है। पुरस्कार हेतु चयनित व्यक्तियों, संस्थाओं, पदाधिकारियों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग.रायपुर द्वारा 7500 रुपये का नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत उपरोक्त श्रेणी के पुरस्कार को प्राप्त करने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था/ पदाधिकारी द्वारा समयावधि में संपादित निर्वाचकीय कार्यों में अपने योगदान एवं उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए रंगीन फोटो, वीडियो क्लिप, न्यूज पेपर कटिग को संलग्न कर नामांकन राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु प्रारूप में संकलित कर जिला निर्वाचन कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें, ताकि प्राप्त नामांकन प्रारूप पुरस्कार हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर को भेजा जा सके।

एनएच 49 के समीप महिला की मिली लाश

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले के भूपदेवपुर थाने के एक गांव के पास महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है।

मृत महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। भूपदेवपुर पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। मृत महिला के गले में वार कर उसकी हत्या की गई और उसके कपड़ों को जलाकर सबूतों को नष्ट करने की भी कोशिश हुई है। महिला की नग्न लाश एनएच 49 पर रायगढ़ खरसिया के बीच चारभांठा के खेत में मिली है।

इसके अलावा महिला गांव चारभाटा की भी नहीं है जिसके कारण पुलिस को शक है कि हत्या करने वाले कही दूसरी जगह से उसे लेकर आए थे। महिला को भी साथ लाने के बाद हत्या कर फ रार हो गए। बहरहाल इस मामले में भूपदेवपुर पुलिस जांच शुरू कर चुकी है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

तिरंगे को लेकर लापरवाही ...

पर जनता द्वारा कागज से बने राष्ट्रीय ध्वज को लहराया जा सकता है। महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और खेल आयोजनों के अवसरों पर जनता द्वारा केवल कागज के बने झंडों का उपयोग किया जाता है। केंद्र ने कहा है कि इस तरह के कागज के झंडों को आयोजन के बाद न तो फेंका जाता है और न ही जमीन पर फेंका जाता है।

कानून के मुताबिक ध्वज की गरिमा के अनुरूप इस तरह के झंडों को निजी तौर पर और निपटाया जाना चाहिए। सभी सरकारी कार्यालयों से इस संबंध में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाने का अनुरोध किया गया है।

नन रेप कांड में आरोपी ...

ने कहा कि ऐसा लगता है कि अमीर और रसूखदार लोग कुछ भी कर सकते हैं।

फैसले पर सुप्रीम कोर्ट के वकील की प्रतिक्रिया

सुप्रीम कोर्ट के जाने-माने वकील देवेंद्र शर्मा ने कहा कि इस फैसले ने सबको झकझोर कर रख दिया है। अदालत ने किस आधार पर आरोपी को बरी किया है, इस पर न्यायिक प्रक्रिया के अनुसार ही टिप्पणी होगी। उन्होंने कहा कि कोर्ट यह दिखाने में विफल रहा है कि न्याय हो रहा है। इस मामले में लोगों को यह स्वीकार नहीं हो पा रहा कि अदालत ने न्याय किया है। फिलहाल यह मामला अपील में जाएगा और चीजें साफहो पाएंगी।

विराट कोहली ने ...

प्रेरणादायी नेतृत्व क्षमता के लिए बधाई देती है जिसने टीम को ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने भारत की 68 टेस्ट मैचों में कप्तानी की जिसमे से 40 टीम इंडिया ने जीते।'

कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप से पहले टी20 टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। इसके बाद उन्हें वनडे टीम की कप्तानी से हटा दिया गया था, जिसके बाद काफी विवाद हुआ था। कोहली को वनडे फॉर्मेट की कप्तानी से हटाए जाने पर चयनकर्ताओं और विराट कोहली के बीच विवाद सामने आया था।

कोहली ने अपने मेसेज में आगे लिखा, 'मैंने हमेशा हर चीज में अपना 120 परसेंट देने में विश्वास किया है और अगर मैं ऐसा नहीं कर सकता हूं तो मैं जानता हूं कि यह सही काम नहीं है। मुझे अपने दिल मे पूरी तरह से स्पष्टता होनी जरूरी है और मैं टीम के साथ बेईमानी नहीं कर सकता।'

कोहली ने लिखा, 'मैं बीसीसीआई का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं कि उसने मुझे इतने लंबे समय तक टीम की कप्तानी करने का मौका दिया। इससे ज्यादा मैं टीम के उन साथी खिलाड़ियों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिन्होंने मेरे उस विजन, जो पहले दिन से मैं इस टीम के साथ लेकर चला था, में ढले और किसी भी परिस्थिति में हार नहीं मानी।'

कोहली ने अपने साथी खिलाड़ियों की तारीफ करते हुए लिखा, 'आप लोगों ने मेरे सफर को बहुत यादगार और खूबसूरत बनाया है। रवि भाई और सपोर्ट स्टाफ का शुक्रिया जो इस गाड़ी, जो टेस्ट क्रिकेट में लगातार ऊपर जाती रहे, का इंजन रहे, जिंदगी का यह नजरिया बनाने में आप सभी का बड़ा योगदान है। और सबसे आखिर में महेंद्र सिंह धोनी का शुक्रिया जिन्होंने मुझ पर एक कप्तान के रूप में भरोसा किया और मुझमें एक ऐसा खिलाड़ी देखा जो भारतीय क्रिकेट को आगे ले जा सकता है।'

300-400 आतंकी घुसपैठ ...

के दौरान नागरिकों की मदद के लिए आगे रहते हैं। विदेशों में शांति अभियानों के दौरान सेना के शानदार योगदान पर भारत को गर्व है। खासकर साहसी जवानों, सम्मानीय सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों और उनके परिवारों को सेना दिवस की शुभकामनाएं। भारतीय सेना को उसकी बहादुरी और पेशेवर रवैये के लिए जाना जाता है। राष्ट्रीय सुरक्षा में उसके अतुलनीय योगदान को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता।''

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मैनुअल पद्धति द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 24/ले.शा./लो.स्वा.यां./2021-22 दिनांक 10.01.2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जिला- जांजगीर-चांपा के विभिन्न विकासखण्डों में निक्षेप कार्य के अंतर्गत राजीव गांधी शिक्षा मिशन के शालाओं के डी.टी.एच. (फास्ट रिंग) मशीन से 125/115 मि.मी. व्यास के 75 मीटर गहरे साधारण नलकूपों के खनन, हैण्डपंप स्थापना एवं उससे संबंधित कार्य हेतु सामग्री सहित समस्त कार्य। (संलग्न शेड्यूल अनुसार) हेतु आमंत्रित की जाती है।

समूह क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि (रु.में)
1	जिला-जांजगीर-चांपा के विभिन्न विकासखण्डों के शालाओं में नलकूप खनन एवं संबंधित समस्त कार्य। (18 नग)	12.06	9100/-

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में निर्धारित तिथि 18.01.2022 के पूर्व कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जी-66825/1

कार्यालय अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग रामानुजगंज
निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-134/ NIT-20/2021-2022/व ले लि दिनांक 11/01/2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 24/01/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 31/01/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 01/02/2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे से

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)	निविदा प्रपत्र की कीमत (रु.में)	निविदाकारों की श्रेणी	कार्य की अवधि
1	2	3	4	5	6
20 T0132	जिला जल रामानुजगंज हेतु गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई एवं पेंटिंग का कार्य प्रथम आमंत्रण	19.92 15000.00 300000.00	A 750.00	ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक	31/03/2022 तक वर्षा ऋतु सहित
20 T0133	बलरामपुर उपखण्ड अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत का कार्य प्रथम आमंत्रण	19.99 15000.00 300000.00	A 750.00	ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक	31/03/2022 तक वर्षाऋतु सहित

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-66865/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग
रामानुजगंज

कार्यालय नगर पंचायत चारामा, जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)
मैनुअल द्वितीय निविदा सूचना
Main Portal : https://cgstate.gov.in

क्रमांक /1329/लो.नि.वि./न.पा./2021 चारामा, दिनांक 13.01.2022
01. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 28.01.2022 सायं 5.00 बजे तक।
02. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि - 31.01.2022 दोपहर 11.30 बजे से

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ ठेकेदारों से 15वें वित्त योजना अंतर्गत टाईड ग्राण्ट (Water) की राशि से पाईप लाईन विस्तार कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अमानत राशि	राशि	कार्य की समयावधि
01	वार्ड क्र. 03 में आशिक घर से अमृत घर होते हुए तुलसी घर की ओर तथा वार्ड क्र. 04 में शिव मंदिर से सुनंदा घर से होते हुए बिहारी देवांगन घर की ओर पाईप लाईन विस्तार कार्य।	750/-	3600/-	3.51 लाख	03 माह
02	वार्ड क्र. 11 में राधा कृष्ण मंदिर से भीखू चावड़ा घर होते हुए चर्च गली से बसंत यादव घर की ओर तथा वार्ड क्र. 12 में आर.ई.एस. कालोनी से विधायक निवास होते हुए ब्लाक कालोनी की ओर पाईन लाईन विस्तार कार्य।	750/-	3900/- लाख	5.12	03 माह
03	वार्ड क्र. 15 में जगदीश मेश्राम घर से सुभान घर की ओर पाईप लाईन विस्तार कार्य।	750/-	4400/-	5.74 लाख	03 माह

टीप - 01. निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज को सेल्फ अटैस्टेड/नोटराईज्ड प्रति, ऑफलाईन प्रस्तुत करना होगा।
02. अमानत राशि का एफडीआर एवं निविदा प्रपत्र शुल्क का डी.डी. की मूल प्रति एवं शपथ पत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से निर्धारित समयावधि में कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
03. अन्य शर्तें एवं विस्तृत जानकारी संबंधित शाखा/ विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in में भी देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।
04. निविदा आमंत्रित सशर्त का पालन करते हुए सम्पूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

नगर पंचायत के करों का भुगतान समय पर करें।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत चारामा
जिला उ.ब. कांकेर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

झमाझम बारिश से बंद करनी पड़ी धान खरीदी, निराश लौटे किसान

कोरबा/नवप्रदेश। शुक्रवार की दोपहर से शुरू हुई झमाझम बारिश से धान खरीदी पूरे दिन के लिए बंद हो गई। बारिश शाम तक जारी रहने से धान लेकर उपार्जन केंद्र पहुंचे किसान हलकान रहे। इधर वातारण में नमी के कारण उठाव भी ठप है।

जिले में 11.40 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। अभी उपार्जन केंद्रों चार लाख क्विंटल से भी अधिक धान जाम है। आज रविवार को उपार्जन केंद्र बंद होने से किसानों को एक दिन इंतजार करना पड़ेगा। आफत की बारिश धान उपार्जन केंद्रों के लिए समस्या खड़ी कर दी है। उठाव पर खरीदी भारी होने के कारण धान जाम होने लगा है। जिले जिले में पिछले पांच दिनों से मौसमी उतार चढ़ाव जारी है। मौसम खराब होने के कारण उपार्जन केंद्रों में ही धान को रखकर किसानों वापस घर लौटना पड़ा। यहां बताना होगा कि धान की आवक बढ़ने से चबूतरों में जगह कम पड़ गई है। धान को डेनेज बगैर ही जमीन पर रखा गया हैं। छल्ली लगे धान के निचले हिस्से के बोरियों में नमी की मार देखी जा रही है। एक दो दिन तक मानसून ऐसे ही जारी रहा तो धान बीज के अंकुरण होने की संभावना बढ़ गई है। प्रशासन की ओर से भले ही धान सुरक्षित होने का दावा किया जा रहा लेकिन सोहागपुर, चिकनीपाली, देवरमाल आदि केंद्रों में खरीदी अनुरूप धान का उठाव नहीं होने धान भीग रहे हैं। पर्याप्त बारदाने उपलब्ध नहीं होने कारण धान को आधा अधूरा ढंका गया है।

फैक्ट फाइल

55- धान उपार्जन केंद्र
41- समिति
11.14- धान खरीदी
2.17- अरब रुपए मूल्य
4.00- उठाव शेष
40132- पंजीकृत किसान
24123- किसानों ने बेचा धान

बारिश से सब्जियों को नुकसान होना तय

बेमौमस बारिश सब्जी में कीट रोग बढ़ गया है। पंडरीपानी के किसान जवाहर पटेल ने बताया किया तीन दिनों से धूप नहीं निकलने से सब्जी में कीट व्याधि की संभावना थी। बारिश से नुकसान तय हो गया है। जिला कृषि विभगा के अधिकारी अनिल शुक्ल ने बताया कि जिले व्यवसायिक पैमाने पर करतला, पाली और कोरबा में सब्जी की खेती की गई है। बारिश से आंशिक नुकसान तो हुआ हैं। विभागी अमला नुकसानी का जायजा ले रही है।

जनजीवन प्रभावित, घर में ही दुबके रहे लोग

बारिश के कारण शुक्रवार को आम जनजीवन अन्य दिनों की अपेक्षा प्रभावित रहा। सुबह से ही मौसम खराब होने के कारण लोग घर में दुबके रहे। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में लोगों की उपस्थिति कम रही है। देर शाम तक बूंदा-बांदी जारी रहने से दुकानें सामान्य दिनों की तुलना में नौ बजे ही बंद हो गई। इधर कोरोना संक्रमण के कारण जिले के प्रशासिनक कार्यालयों में एक चौथाई कर्मचारियों की उपस्थिति और वर्क फ्राम होम करने से पहले से ही अवकाश जैसा माहौल बना हुआ है।

बीजादूतीर स्वयंसेवकों ने किया युवा महोत्सव का आयोजन

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर में युवा महोत्सव का आयोजन किया गया यह आयोजन बीजदूतीर स्वयंसेवकों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी की उपस्थिति में भी बीजादूतीर साथियों ने युवा दिवस मनाया।

विधायक मंडावी द्वारा बीजदूतीर की युवाओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि वर्तमान में हम सभी लोग कोरोना वायरस संक्रमण के तीसरी लहर से गुजर रहे हैं। इस दौरान लोगों में परिवार में समाज में मानसिक अस्वस्थता होती है। टीकाकरण को लेकर आप सभी स्वयंसेवकों के द्वारा जो मानसिक अस्वस्थता वह तनाव से कैसे बचा जा सके। इस पर जो कार्य किया जा रहा है वह बहुत ही सराहनीय है। आप लोग संक्रमण के दौर में भी वास्तविक में दूत बन कर टीकाकरण हेतु जागरूकता फैला रहे हैं लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित कर रहे हैं लोगों को टीकाकरण करा रहे हैं इसके साथ ही आप लोगों के द्वारा जो गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए जो प्रयास किया जा रहा है वह सराहनीय ही नहीं अतुलनीय कार्य है। विधायक मंडावी द्वारा बीजदूतीर के द्वारा किए जा रहे कार्य से प्रभावित होकर सभी युवा साथियों को युवा दिवस की बधाई भी दिया गया इस दौरान स्वयंसेवकों के साथ बैठकर चर्चा भी किया गया और स्वयं सेवक द्वारा युवा दिवस के उपलक्ष्य में किए गए व्हालीवाल प्रतियोगिता का शुभारंभ भी किया गया। संघ सेवकों के माध्यम से अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग गतिविधि का आयोजन किया गया। रंगोली, चित्रकला, जन जागरूकता, मास्क पहनने, हाथों की धुलाई सामाजिक दूरी इत्यादि के लिए प्रेरित किया। जिसमें बीजादूतीर स्वयंसेवकों द्वारा जिले में पोषण और टीकाकरण को लेकर सघन अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य रूप से स्वयंसेवक उसी ग्राम पंचायत में जहां पर वह निवास करते हैं। वहां पर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्कूल शिक्षक व स्वास्थ्य कार्यकर्ता मितानिन से मिलकर उनके साथ उनके कार्य में सहयोग कर लोगों में व्यापक व्यवहार परिवर्तन की दिशा में कार्य कर रहे है।

बस्तर सांसद ने चित्रकोट मार्ग के उन्नयन कार्य का किया भूमिपूजन

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर सांसद दीपक बैज ने जगदलपुर से चित्रकोट मार्ग में पल्ली से टाकरागुड़ा तक के उन्नयन कार्य का भूमिपूजन किया । 13 करोड़ 45 लाख रुपए से किए जाने वाले इस सड़क उन्नयन के भूमिपूजन के अवसर पर संसदीय सचिव रेखचंद जैन, चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता राजीव बतरा सहित जनप्रतिनिधि एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

आईटीआई में वाद-विवाद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

बीजापुर/नवप्रदेश। नीति आयोग द्वारा देश के सभी आकांक्षी जिलों में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आकांक्षी जिला बीजापुर के आईटीआई कॉलेज में 14 जनवरी को स्थानीय प्रशासन विकास को जन आंदोलन का रूप देने, इस विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के छात्रों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कोपा कोर्स में प्रवेशित छात्रा संगीता कुंजाम ने हासिल किया तथा द्वितीय स्थान कोपा कोर्स में प्रवेशित छात्र लहर सोनवानी ने प्राप्त किया एवं तृतीय स्थान कोपा कोर्स में प्रवेशित छात्र जतिन कारम ने प्राप्त किया।

देशी मदिरा दुकान 18 से 20 जनवरी तक बंद रहेगी

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। त्रिस्तरीय पंचायतों के आम/उप निर्वाचन 2021 के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान के पश्चात मतदान स्थल पर ही मतगणना किया जाना है। कलेक्टर जितेन्द्र शुक्ला ने विकासखंड नवागढ़ के ग्राम सरखों स्थित देशी मदिरा दुकान को 18 जनवरी अपरान्ह 3 बजे से 20 जनवरी को मतगणना समाप्त होने तक बंद रखने का आदेश जारी किया है।

एटीएम धारक की मौत, वारिस को नहीं दिया बीमा राशि, फोरम ने लगाया जुर्माना

जंजगीर-चांपा/नवप्रदेश। एटीएम धारक की मौत पर वारिस को बीमा राशि नहीं देना एसबीआई को महंगा पड़ गया। उपभोक्ता आयोग ने बैंक को बीमा रकम के साथ वाद व्यय और मानसिक क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया है। बैंक द्वारा जारी किए जाने वाले एटीएम कार्ड में हितग्राही को बीमा का लाभ मिलता है, अगर किसी की मृत्यु हो जाये तो ऐसे ही एक मामले में हितग्राही द्वारा प्रस्तुत किए गए दावा को एसबीआई द्वारा ठुकरा दिया गया जिसे उपभोक्ता आयोग ने ना केवल बीमा की रकम 45 दिनों के भीतर भुगतान करने का फैसला सुनाया है, बल्कि वाद व्यय, मानसिक क्षतिपूर्ति भी भुगतान करेगा। मालखरौदा क्षेत्र के ग्राम पोता निवासी पंकज अनाला की माता जलबाई अनाला का भारतीय स्टेट बैंक की शाखा डभरा में अकाउंट है। अकाउंट में हितग्राही को एटीएम की सुविधा मिली हुई है। हितग्राही की 12 जून 2017 को मृत्यु हो गई। इस पर पंकज अनाला ने स्टेट बैंक से संपर्क कर एटीएम कार्ड से मिलने वाली बीमा सुविधा का दावा प्रस्तुत किया, लेकिन बैंक प्रबंधन द्वारा 90 दिनों के भीतर प्रस्तुत नहीं करने का हवाला देकर खारिज कर दिया। मामले को उपभोक्ता आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसकी सुनवाई करते हुए अध्यक्ष तजेश्वरी देवी देवांगन, सदस्य मनरमण और मंजूलता राठौर ने पाया की एसबीआई द्वारा प्रदत बीमा का लाभ ग्राहक को हर हाल में मिलना चाहिए। इसके लिए दावा करने का कोई निर्धारित समय सीमा की बात पर असहमति जताते हुए आयोग ने इसे एसबीआई की सेवा में कमी पाया। एसबीआई को मामले में ग्राहक को बीमा की रकम 2 लाख के साथ मानसिक क्षतिपूर्ति 5 हजार रुपए तथा वाद व्यय स्वरूप 1 हजार रूपए भुगतान करने का फैसला सुनाया। मामले में फैसला सुनाते हुए उपभोक्ता आयोग ने पाया कि हितग्राही के खाते से 45 दिन पहले एक सफ ल ट्रांजेक्शन अनिवार्य होना चाहिए। इसके बाद वह एटीएम बीमा का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी है। इस मामले में भी हितग्राही द्वारा कुछ दिन पूर्व करीब 10 हजार का आहरण किया गया था, जिससे उसका दावा बन गया और उसे बीमा का लाभ मिला।

बारिश से धान खरीदी प्रभावित, विधायक ने सीएम को लिखा पत्र, समय बढ़ाने की मांग

केशकाल/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में खास तौर पर बस्तर संभाग में विगत सप्ताह भर से लगातार हो रही बेमौसम बारिश के चलते धान खरीदी प्रभावित हो रही है। जिन किसानों को उक्त तिथियों का टोकन मिला था वह भी बारिश के कारण रद्द कर दिया गय। धान खरीदी की अंतिम तिथि को अब कुछ दिन ही शेष रह गए हैं। ऐसे में क्षेत्र के किसानों को धान बेचने के लिए और भी समय की आवश्यकता हो सकती है। किसानों की इस समस्या को गंभीरतापूर्वक लेते हुए केशकाल विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखकर बस्तर संभाग में धान की खरीदी की समय सीमा बढ़ाने का आग्रह किया है। ताकि जिन किसानों का टोकन कट चुका है उन्हें प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक किसान का खून पसीना सींच कर उगाया गया पूरा धान खरीदा जाए। विधायक ने नवप्रदेश से चर्चा करते हुए कहा कि जिस प्रकार से बस्तर संभाग समेत पूरे प्रदेश में विगत दिनों से लगातार बारिश हो रही है। ऐसी स्थिति में न तो धान की खरीदी कर पाना सम्भव है न ही उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव हो रहा है। जिसके कारण धान की बिक्री करने के लिए किसानों को भटकना पड़ रहा है। चूंकि हमारी भूपेश सरकार किसानों की हितैषी सरकार है इसलिए किसानों का एक एक दाना धान निर्धारित समर्थन मूल्य पर खरीदना हमारा दायित्व है। मैंने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर धान खरीदी की समय सीमा में वृद्धि करने का निवेदन किया है, और मुझे पूरा विश्वास है कि सीएम किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक निर्णय लेते हुए जल्द ही धान खरीदी की समय सीमा में वृद्धि करने की घोषणा करेंगे।

समय सीमा में प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने की मांग

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन शैक्षणिक जिला-सक्ती का प्रतिनिधिमंडल के द्वारा 13 जनवरी को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी राकेश अग्रवाल से मिलकर स्कूल शिक्षा विभाग रायपुर से जारी निर्देशों के तहत प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति की कार्यवाही के लिये अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग रायपुर के आदेश दिनांक 6 जनवरी 2022 के अनुसार 31 जनवरी तक पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण कर आदेश जारी करने की मांग की। इस हेतु वरिष्ठता सूची का प्रकाशन शासन के द्वारा जारी दिशा- निर्देश के आधार पर प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के लिए जारी कर दावा आपत्ति प्राप्त कर अंतरिम सूची जारी करते हुए पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण कर रिक्त स्थानों की सूची को सार्वजनिक करने की मांग प्रमुखता से रखी गई और साथ ही शिक्षक एवं पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक में पदोन्नति के लिए सहायक शिक्षक व शिक्षकों का त्रुटिहीन, विसंगति रहित वरिष्ठता सूची तैयार कर कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर को प्रेषित किया जावे। जिस पर प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी राकेश अग्रवाल के द्वारा बतलाया गया कि यदि वरिष्ठता सूची में संबंधित के नाम के आगे में किसी भी प्रकार का विसंगति या त्रुटि है अथवा सूची में नाम नहीं है और अब तक दावा, आपत्ति आवेदन नहीं कर पाए हैं तो संबंधित बीईओ ऑफिस में दावा आपत्ति कर सकते हैं।

मकर संक्रांति को लेकर नगर में दिखा उत्साह

मुंगेली/नवप्रदेश। मकर संक्रांति पर्व पर नगर में चहुंओर उत्साह देखा गया। हिंदू धर्म में मकर संक्रांति पर्व को लेकर खुशी रही। संक्रांति पर श्रद्धालुजन सुबह से स्नान के बाद दान की परंपरा का निर्वहन करते रहे। पूरे दिन मकर संक्रांति पर्व को लेकर उत्साह देखा गया। मकर संक्रांति पर्व पर सुबह स्नान के बाद सूर्य को अर्घ्य देकर दान-दक्षिणा की रस्म निभाई गई। मंदिरों में विशेष पूजा-आराधना की गई। सुबह से लोगों ने मंदिरों में तिल तथा उससे बनने वाली वस्तुओं का चढ़ावा किया। मकर संक्रांति पर तिल गुड़ के लड्डूओं का विशेष महत्व होता हैं। पर्व पर घरो-घर तिल के लड्डू बनाये गये। बाजार में भी दिन भर तिल के लड्डू की बिक्री होते रही।

आधार कार्ड अब डाकघर में होंगे अपडेट

मुंगेली/नवप्रदेश। आधार कार्ड अब डाकघरों में अपडेट हो सकेगें। आधार कार्ड जारी करने वाली संस्था भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के साथ विशेष करार किया है। जिसके अनुसार अब आधार कार्ड डाकघरों में अपडेट होगा। आधार कार्ड में मोबाइल नम्बर जुड़वाने अथवा मोबाइल बदलने के लिए भटकने की आवश्यकता नहीं होगी और अपने निकतम किसी भी डाक घरों में जाकर यह सुविधा ले सकेगे। डाकघर मुंगेली से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस सुविधा से शुरू होने से शहर के अलावा दुरस्त ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी इस सुविधा का लाभ अपने निकतम डाकघर से ले सकेंगे। विभिन्न सरकारी योजनाओं से जैसे- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, राशन आदि में अब ईकेवाईसी की आवश्यकता होती है. ईकेवाईसी के लिए आधार में मोबाइल नंबर अपडेट होना आवश्यक है। इसके अलावा आरटीओ सेवाएं, ईपीएफओ सेवाएं, आयकर सेवाएं, एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना, नया आधार कार्ड प्राप्त करना, नया सिम कार्ड लेना, सुरक्षित बैंकिंग ट्रांजैक्शन के लिए व अन्य डीबीटी योजनाओं जैसे मनरेगा, पेंशन, छात्रवृत्ति आदि में उपयोगी है।

जिपं सीईओ को अधिकारियों ने दी विदाई

मुंगेली/नवप्रदेश। राज्य शासन ने मुंगेली जिपं सीईओ रोहित व्यास का स्थानांतरण बस्तर जिपं सीईओ के पर किया है। उनके ट्रांसफर पर कलेक्ट्रोरेट मनियारी सभा कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन कर अफसरों व कर्मचारियों ने विदाई दी। इस अवसर पर कलेक्टर ने जिला प्रशासन की ओर से स्थानांतरित सीईओ को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कलेक्टर अजीत वसंत ने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शासकीय सेवा में आने के बाद अधिकारियों -कर्मचारियों का स्थानांतरण और पोस्टिंग एक सामान्य प्रक्रिया है। जिपं सीईओ व्यास एक ईमानदार और कर्तव्य निष्ठ तथा मेहनती अधिकारी हैं। उनका एक वर्ष 14 दिन का कार्यकाल बहुत अच्छा रहा और वे अपने कार्यकाल में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किये हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर एक अच्छी जगह है। नये स्थान और नये पोस्टिंग से कुछ नये सीखने भी मिलता है। यहां की अच्छी बातों को लेकर जायेंगे। शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन करेंगे। जो हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने श्री व्यास को अपनी शुभकामनाएं दी। जिले के पुलिस अधीक्षक डी. आर आंचला ने कहा कि श्री व्यास मृदुभाषी और मिलनसार अधिकारी हैं। श्री व्यास का कार्यकाल उल्लेखनीय कार्यो से भरा रहा और उनके कार्यकाल को हमेशा याद किया जाएगा। स्थानांतरित जिला पंचायत के सीईओं श्री व्यास ने अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि उन्हें जिले के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों का सहयोग और सम्मान मिला है। इसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद दिया। मुंगेली एसडीएम ने भी विदाई समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें श्री व्यास का हमेशा मार्गदर्शन मिला। उनके मार्गदर्शन से कठिन से कठिन कार्य आसानी से सम्पादित किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी नवीन भगत सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

30 सालों की समस्या का समाधान, 201 ग्रामीणों को दी गई ऋण पुस्तिका

कोरिया/नवप्रदेश। कलेक्टर श्याम धावड़े की विशेष पहल पर जिले के समस्त विकासखण्डों के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को संबंधित विकासखण्डों में तिरंगा पट्टा के प्रकरणों की जांच और सत्यापन के निर्देश दिए गए।

जिस पर त्वरित कार्य करते हुए प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही की गई। इसी कड़ी में विकासखण्ड बैकुंठपुर के तिरंगा पट्टाधारी ग्रामीणों की समस्या का समाधान करते हुए आज 201 ग्रामीणों को ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी भी उपस्थित रहे। जिले के किसानों को वर्ष 1990-91 में वन भूमि के आवंटित पट्टों को राजस्व अभिलेख में दर्ज कर ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया। जिससे अब ये किसान शासकीय योजनाओं से सीधे जुड़ सकेंगे और शासन की योजना और कार्यक्रमों का लाभ किसानों को मिल सकेगा। जिपं उपाध्यक्ष तिवारी ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना कर इसे किसानों के हित में बताया।

कलेक्टर ने इस अवसर पर राजस्व अमले को बधाई एवं बेहतर काम करने हेतु शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि तिरंगा पट्टा हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका दी जा रही है, जिन्हें आज ऋ ा पुस्तिका नहीं मिली, वे एसडीएम व तहसीलदार से मिलकर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस पट्टे को हितग्राही बेचे नहीं, इसके माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड, किसान पंजीयन और अन्य शासकीय योजनाओं से सीधे जुड़ सकते हैं। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर, सहित राजस्व अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

366 करोड़ की तथाकथित डायरी का मास्टर माइंड निकला रिटायर्ड शिक्षा अधिकारी

रायपुर/नवप्रदेश। सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी गेंदाराम चंद्राकर पिछले साल जनवरी में सेवानिवृत्त हुए थे, लेकिन वह सेवानिवृति के बाद संविदा पदस्थापन चाहते थे और न केवल नियुक्त बल्कि अपने पसंदीदा स्थान रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में चाहते थे, लेकिन न मिलने पर उन्होंने यह साजिश रची। आपको बता दें कि फि लहाल उस जगह पर एएन बंजारा है। फिलहाल शिक्षा विभाग की कथित 366 करोड़ की डायरी के मास्टर माइंड समेत दो साथियों को गिरफ्तार किया गया है।

क्षुब्ध होकर अफसरों के नाम लिखी घपले की कहानी

सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी गेंदाराम चंद्राकर ने शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह समेत अन्य अधिकारियों को बेहद सुनियोजित तरीके से फंसाने की कोशिश की थी, लेकिन पुलिस की पैरवी के सामने उनकी एक न चली। फर्जी और मनगढंत पटकथा का मास्टर माइंड पूर्व डीईओ जीआर चंद्राकर है। पुलिस ने जीआर चंद्राकर को इसके साथी होम्योपैथी कॉलेज के सचिव संजय ठाकुर और टायपिस्ट कपिल कुमार देवदास को गिरफ्तार किया। इस घटना की शिकायत होने के 48 घंटे के भीतर रायपुर पुलिस ने इस षड़यंत्र का खुलासा मीडिया के सामने किया।

उप संचालक आशुतोष चावरे ने की थी शिकायत

उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ इंद्रावती भवन नवा रायपुर में कार्यरत प्रार्थी आशुतोष चावरे ने इसकी शिकायत राखी थाने में दर्ज कराया था। जिसमें उन्होंने लिखा था कि कुछ अज्ञात लोग उनको बदनाम करने की नीयत से उसके नाम का फ र्जी हस्ताक्षर कर विभिन्न गणमान्य एवं अधिकारियों की शिक्षा मंत्री के पीए की कथित डायरी वायरल कर रहे है। इससे उनकी छबि खराब हो रही थी। जिस पर थाना राखी में अपराध क्रमांक 09/22 धारा 419, 469 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

खोखले 366 करोड़ के लेन-देन का जिक्र : रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने इन गिरफ्तारियों की जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी चंद्राकर को रिटायरमेंट के बाद संविदा पर पोस्टिंग चाहिए थी, जो नहीं मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी एएन बंजारा, संयुक्त संचालक केसी काबरा, तत्कालीन ओएसडी आरएन सिंह, एबीईओ प्रदीप शर्मा और मंत्री के निज सचिव अजय सोनी के खिलाफ एक घोटाले की कहानी रच दी। एक डायरी में मंत्री प्रेम साय टेकाम का नाम लिखकर हजारों कर्मचारियों से पोस्टिंग, ट्रांसफर के नाम पर रुपए लेने की बात लिखी। कुल 366 करोड़ के लेन-देन का जिक्र किया। एक शिकायत पत्र तैयार करके इसमें लोक शिक्षण संचालनालय के उप संचालक आशुतोष चावरे के नाम का इस्तेमाल किया। ये शिकायती पत्र कई अफसरों, मीडिया हाउस और नेताओं को डाक के जरिए भेज दिए।

इस तरह पुलिस पहुंची आरोपियों तक

प्रकरण की संवेदनशीलता और गंभीरता को ध्यान में रखकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर तारकेश्वर पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध अभिषेक माहेश्वरी, नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभा उदयन बेहार, नगर पुलिस अधीक्षक नवा रायपुर नवनीत पाटिल, प्रभारी सायबर सेल गिरीश तिवारी एवं थाना प्रभारी राखी कृष्ण चंद सिदार के नेतृत्व में टीम का गठन कर प्रकरण की जांच एवं अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के निर्देश दिये।

रायपुर डाकघर से मिला सुराग

पुलिस ने इस घटना से संबंधित छोटी-बड़ी पूरी जानकारी प्रार्थी आशुतोष चावर से लेने के बाद पता चला कि इस पूरे मामले में विभागीय व्यक्ति की संलिप्तता के बगैर संभव नहीं। उसके बाद पुलिस को एक और क्ल्यू मिला जिसमें शिकायत पत्र को रायपुर पोस्ट ऑफिस से पोस्ट किया गया था। एक टीम ने बिना समय गंवाए पोस्ट ऑफिस संपर्क कर वहां का सीसी टीवी फुटेज देखा। जिस तारीख और समय पर पोस्ट ऑफिस से वह पत्र स्पीड पोस्ट किया गया था, वहां तक पहुंची जिसमें पोस्ट ऑफिस के फुटेज में एक व्यक्ति दिखाई दिया। जिसकी पहचान कपिल कुमार देवदास के रूप में की गई। साथ ही उसके संबंध में तकनीकी विश्लेषण किया गया जिस पर कपिल ने अपने मोबाईल फोन से पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी गेंदाराम चन्द्राकर से संपर्क करना पाया गया।

शिक्षा विभाग के स्टाफ ने जताई आशंका

इन्ट्रोगेशन टीम द्वारा शिक्षा विभाग के स्टॉफ अजय सोनी से पूछताछ की जा रही थी। उन्होंने उस दौरान उक्त शिकायत की साथ लगे कथित डायरी की लिखावट को अपना होने से इनकार किया एवं किसके द्वारा लिखा गया है, इससे भी अनभिज्ञ बताया। लेकिन सोनी ने ये जरूर बताया कि हो न हो इस कृत्य को अंजाम देने में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी गेंदाराम चन्द्राकर का हाथ हो सकता है। सोनी के इस संदेह पर पुलिस ने दोनों कड़ियां आपस में जुड़ते गए तो, टीम का संदेह गेंदाराम चन्द्राकर पर पुख्ता हो गया। लेकिन इसी समय कपिल का फोन बंद हो गया। उसके बाद पुलिस टीम ने गेंदाराम चन्द्राकर की पतासाजी कर पकड़ा। पुलिस ने जब सख्ती से गेंदाराम चन्द्राकर से पूछताछ शुरू की तो उन्होंने अन्य दो साथी कपिल एवं संजय के साथ मिलकर इस पूरे घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

4 दुकानों पर अधिक मूल्य पर सामग्री बेचने पर प्रशासन ने लगाया जुर्माना

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद जिले के बागबाहरा ब्लॉक की दुकानों में सामान तय कीमत से अधिक कीमत पर विक्रय किये जाने की शिकायत पर टीम ने बागबाहरा एवं आसपास गांवों की दुकानों की जांच की। राज किराना बागबाहरा, पूरब किराना स्टोर बागबाहरा, परमार किराना बागबाहरा और परमेश्वरी किराना दुकान हरनादादर पर सामग्री अधिकतम खुदरा मूल्य.(एमआरपी) से ज्यादा कीमत पर बेचते पाए जाने और कोविड नियमों के उल्लंघन किए जाने के कारण नापतौल विभाग और स्थानीय निकाय ने छह हजार रुपए का जुर्माना किया।

ट्रक से टकराया बाइक सवार पुलिस आरक्षक, हालत गंभीर

जगदलपुर/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय के गीदम रोड स्थित सूर्या कॉलेज के पास बीती रात एक बाइक सवार पुलिस आरक्षक ट्रक से टकराकर घायल हो गया, जिसे डायल 112 के मदद से मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में भर्ती कराया गया। परपा थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात परपा थाने में पदस्थ आरक्षक बामन सेन अपनी बाईक सीजी 17 केआर 2480 में अपने घर जा रहा था, इस दौरान गीदम रोड स्थित सूर्या कालेज के पास ट्रक क्रमांक सीजी 17 एच 2183 से टकरा गया। जिससे बाईक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस द्वारा 108 एम्बुलेंस की सहायता से डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

एक्सिस बैंक में लगी आग, कोई हताहत नहीं

देवभोग/नवप्रदेश। देवभोग के एक्सिस बैंक में आग लग गई है। घटना बीती रात 11 बजे के आसपास की बताई जा रही है। मकान मालिक को बैंक के अंदर से धुंआ निकलते दिखाई दिया तो उसने इसकी सूचना जिम्मेदारों को दी। सूचना मिलते ही बैंक प्रबंधन और पुलिस विभाग की टीम मौके पर पहुंची। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया है। बैंक मैनेजर ने दावा किया है कि इस आगजनी से रिकार्ड व कैस सुरक्षित है। बैंक मैनेजर पीके पाढ़ी ने बताया कि बैंक में आगजनी की घटना हुई है। बीती रात आग लगने से बैंक का इलेक्ट्रॉनिक चेंनल जलकर खाक हो गया है हालाकिं बैंक के रिकार्ड और केस को सुरक्षित बताया है।

राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों की सुनवाई 31 तक स्थगित

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले में कोरोना वायरस एवं नये वेरिएंट ओमिक्रॉन के दृष्टिगत संक्रमण से बचाव एवं स्वास्थ्यगत आपातकालीन स्थिति को नियंत्रण में रखने के लए जिले में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 घोषित किया गया है, जो 06 जनवरी से आगामी आदेश तक प्रभावशील है। फलस्वरूप कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दीपक सोनी द्वारा जिले में कोरोना वायरस कोविड 19 के बढ़ते संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों की सुनवाई तत्काल प्रभाव से 31 जनवरी तक स्थगित कर दी गई है।

श्रमिकों को मिलेगी बारी-बारी से मतदान करने छुट्टी, शासन ने जारी किया आदेश

कवर्धा/नवप्रदेश। उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग में जारी दिशा-निर्देशों के तहत जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्यों, सरपंचो तथा पंचों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये आम निर्वाचन, उप निर्वाचन के लिए नियत मतदान में कारखाना अधिनियम 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम-1958 के अंतर्गत आने वाले कारखानों, संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत श्रमिक, कर्मचारियों के मतदान के दिन 20 जनवरी 2022 को राज्य शासन एतद् द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में अवकाश घोषित किया जाना हैं। जिला श्रम पदाधिकारी शोएब काजी ने बताया कि ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं वहाँ प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन दो-दो घण्टे का अवकाश घोषित किए जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा दी जाएगी।

विद्युत विभाग द्वारा गठित टीमों ने बकाया राजस्व वसूली के लिए चलाया सघन अभियान

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगाव संभाग के पश्चिम जोन, पूर्वी जोन, राजनांदगांव ग्रामीण, अर्जुनी, सिंघोला, बोरी, तुमड़ीबोड़, ठेलकाडीह, घुमका एवं सोमनी वितरण केन्द्र के बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया वसूली के लिए व्यापक स्तर पर मुहिम छेड़ा है। इसी के दृश्टिगत संभाग स्तर पर गठित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमों द्वारा सभी बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शनों के विच्छेदन की कार्यवाही करते हुए ऐसे 752 विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किये गये। इस अभियान में 515 बकायादार उपभोक्ताओं से 1 करोड़ 15 लाख 34 हजार रूपए की राशि का भुगतान भी प्राप्त किया गया। उल्लेखनीय है कि पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को निर्धारित समयावधि में बिजली बिल भुगतान के लिए स्पॉट बिलिंग के माध्यम से विद्युत देयक जारी किये जाते हैं।

एटीएम में कैश डालने वाली कंपनी के तीन कर्मचारियों ने लाखों का किया फ्रॉड, 3 गिरफ्तार

जगदलपुर/नवप्रदेश। एसबीआई के लाखों रुपए का गबन करने वाले एसएमएस के 3 कर्मचारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं चौथे की तलाश जारी है। गिरफ्तार किए गए आरोपी बैंक से पैसे लेकर शहर के विभिन्न एटीएम में डालने का काम किया करते थे। लेकिन, पिछले कुछ दिनों से इन्होंने बैंक के निर्धारित लाखों रुपए एटीएम में नहीं डाले और उनमें से पैसे गबन करते गए। मामले की शिकायत के बाद हुई जांच में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिनके पास से कुल 8 लाख रुपए नकद समेत, 2 लग्जरी चार पहिया वाहन, स्कूटी, मोबाइल और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश शर्मा के

मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच शुरू की गई। विवेचना में संदेही योगेश यादव, कैलाश यादव एवं ललित नारायण साहू को पकड़ा गया। पूछताछ पर पाया गया कि योगेश यादव एवं कैलाश यादव दोनों सीएमएस कंपनी के कस्टोडियन है, जो प्रतिदिन बैंक से निर्धारित राशि आहरित कर संबंधित एटीएम में जमा करने जाते थे एवं मुख्य आरोपी योगेश यादव उर्फ योगी संबंधित एटीएम में निर्धारित राशि जमा ना कर अपनी मर्जी से कम राशि जमा करता था और अंतर की राशि अपने व्यक्तिगत उपयोग एवं शान शौकत में खर्च करता था। उक्त राशि में से कुछ राशि इसके द्वारा कैलाश यादव एवं आडिटर ललित नारायण साहू को भी दिया है। आरोपी योगेश यादव के द्वारा अपने शान शौकत में कई महंगे सामान खरीदना एवं उपयोग करना बताया है।

गबन की राशि का उपयोग बेटिंग में किया

उक्त राशि में से अधिकांश राशि ऑन लाईन तरीके से बेटिंग कर पैसे हार जाना बताया है। पुलिस ने आरोपी योगेश यादव के कब्जे से मोबाइल फ ोन, लैपटाप, स्मार्टवाच, चार पहिया वाहन स्कार्पियो, हैरियर, दो पहिया वाहन सुजूकी एक्सेस, एसी, टीवी आदि सामान जब्त किया गया है। इसके अतिरिक्त तीनों आरोपियों के कब्जे से 8 लाख नकद बरामद हुआ है । मामले में आरोपी योगेश यादव, कैलाश यादव एवं ललित नारायण साहू को गिरफ्तार किया गया है। मामले का अन्य आरोपी मंजूर रजा फ रार है, जिसकी गिरफ्तारी नहीं हो पायी है।

एक शिक्षक निलंबित, दो बीईओ समेत 21 को कलेक्टर ने जारी किया नोटिस

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा कलेक्टर विनीत नंदनवार ने शुक्रवार को जिले के छिंदगढ़ व कोटा ब्लॉक में स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान डीईओ नितीन डडसेना व डीएमसी श्याम सिंह चौहान कलेक्टर के साथ उपस्थित रहे। लापरवाही बरतने पर दो बीईओ सहित 21 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। कोंटा ब्लॉक के दुब्बाटोटा हाई स्कूल के शिक्षक अंबेश कुमार गुप्ता को कलेक्टर ने निलंबित कर दिया। इसके अलावा छिंदगढ़ बीईओ कमलेश श्रीवास्तव व बीआरसी मोहम्मद वसीम खान, कोंटा बीईओ एसके दीप, चांदपारा संकुल समन्वयक रघुवीर नेताम, दुब्बाटोटा संकुल समन्वयक मनोज कुमार यादव, तालनार संकुल समन्वयक चैतु राम सेठिया, दुब्बाटोटा हाईस्कूल के 05 व तालनार हाई स्कूल के 02, कोडरीपाल स्कूल के 02, तालनार मिडिल स्कूल के 05, कस्तूरी मिडिल स्कूल के 02 शिक्षक सहित 16 शिक्षकों को नोटिस जारी किया गया है।

कलेक्टर पहुंचे मानपुर के घोर नक्सली क्षेत्र मदनवाड़ा के ग्राम कलवर

- नक्सली द्वारा पिछले दिनों की गई हत्या के परिजनों से की मुलाकात

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा घोर नक्सली क्षेत्र मदनवाड़ा के ग्राम कलवर गांव पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर हरसंभव मदद एवं सुरक्षा का दिया आश्वासन। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों ग्राम कलवर निवासी स्वर्गीय रामजी गावड़े का विगत दिनों नक्सलियों द्वारा हत्या कर दी गई थी। कलेक्टर सिन्हा उनके घर पहुंचे और उनकी पत्नी, बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने परिवार को 5 लाख रूपए की सहायता राशि तत्काल देने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के शिक्षा के लिए

प्रशासन द्वारा पूरी व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर ने पीड़ित परिवार कि हर सम्भव सहायता और सुरक्षा का आश्वासन दिया। उनके खेत को भूमि सुधार कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी परिवार का लगातार कांउसलिंग कर सुरक्षा प्रदान करें। पीड़ित परिवार में पत्नी सहित बेटा और बेटी है। प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार की पूरी सहायता की जाएगी तथा अधिकारियों द्वारा लगातार परिवार का कांउसलिंग किया जाएगा। इस दौरान जनपद सीईओ डीडी मंडले, तहसीलदार मनोज रावत, नायब तहसीलदार सृजल साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

देर रात थाने पहुंचे एसपी, ड्यूटी के दौरान सोते मिले आरक्षक, 2 निलंबित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बीती रात्रि को पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव संतोष सिंह द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक गौरव राय के साथ शहर के थानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस चौकी चिखली पहुंचने पर ड्यूटी में तैनात आरक्षक वीरेंद्र यादव को सोते पाये जाने पर निलंबित किया। तत्पश्चात् पुलिस अधीक्षक द्वारा

राजनांदगांव शहर का भ्रमण करते हुये थाना सोमनी पहुंचे, जहां ड्यूटी में तैनात आरक्षक सुनील कुमार गावडे, नव आरक्षक मुकेश यादव को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करते पाये जाने पर 500-500 रूपये नगद ईनाम से पुरस्कृत किया गया। उसके बाद पुलिस अधीक्षक देहात थाना, चौकी का भ्रमण करते हुये पुलिस चौकी सुरगी पहुंचे, जहां आरक्षक राजा राम यादव ड्यूटी के दौरान सोते पाये जाने पर उसे निलंबित किया। इस प्रकार पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा रात्रि में शहर का गस्त करते हुए थाना, चौकी का औचक निरीक्षण किया। पुलिस चौकी चिखली एवं पुलिस चौकी सुरगी के रात्रि गस्त प्रभारी का स्पष्टीकरण लिया एवं ड्यूटी पर तैनात आरक्षक जो सोते पाए गए उन्हें निलंबित कर पुलिस लाईन अटैच किया गया तथा ड्यूटी पर मुस्तैद जवानों को पुरस्कृत किया गया।

खातेदार को मृत बता फर्जी बेटी को दिलाई नौकरी, कोर्ट ने 12 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज करने का दिया आदेश

कोरबा। कोयला खदान में अधिग्रहित जमीन के खातेदार को मृत बता दिया और एक महिला को उसकी बेटी बना कर जमीन अपने नाम करा लिया। मामले को लेकर न्यायालय में दायर परिवार की सुनवाई करने के बाद अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 12 लोगों के खिलाफ एफ आईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। सीएसईबी चौकी क्षेत्र के मानस नगर निवासी प्रेम लाल साहू पिता हीरालाल ने अधिवक्ता रघुनंदन सिंह ठाकुर के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा के कोर्ट में परिवाद दायर किया। इसमें परिवादी प्रेमलाल साहू ने बताया कि लोमेश तिवारी का पहले से उनका परिचय था। उसने वर्ष 1993 में लोमेश के कहने पर परिवादी ने चमरा दास आत्मज मिलाप दास की ग्राम ढेलवाडीह स्थित जमीन खसरा नंबर 113/2, रकबा 5 डिसमिल व खसरा नंबर 220/2, रकबा पांच डिसमिल खरीदी। राजस्व अभिलेख में भी परिवादी के नाम पर दर्ज है। लोमेश तिवारी ने तीन साल की प्रक्रिया के बाद नौकरी लगना बताया। वर्ष 2010 तक अधिग्रहित भूमि के बदले भू-विस्थापित को एसईसीएल

ढेलवाडीह में नौकरी मिली। उसने नौकरी पर नहीं लगाया। बाद में प्रेमलाल ने एसईसीएल कार्यालय जाकर पता किया तो लोमेश तिवारी ने षडयंत्र पूर्वक प्रेमलाल को ही मृत बता दिया और अपनी चचेरी बहन कुमुद तिवारी को रजनी तिवारी बनाते हुए प्रेमलाल की पुत्री बताकर उक्त खाते की भूमि रजनी के नाम करा लिया। इसमें उसके पति रविशंकर तिवारी को एसईसीएल में नौकरी लगवा दी। जबकि कुमुद तिवारी की मूल ग्राम कुरियारी थाना नवागढ़ जांजगीर चांपा है, लेकिन उसे सीतामणी कोरबा का निवासी बताया गया। अधिवक्ता रघुनंदन सिंह ने बताया कि परिवारदी के शपथ पत्र, पेश किए गए दस्तावेजों का अवलोकन व सुनवाई के बाद 21 अक्टूबर 2021 को कोर्ट ने लोमेश तिवारी पिता रामलाल तिवारी, कुमुद तिवारी पिता देवप्रसाद, रजनी तिवारी पति रविशंकर तिवारी, रविशंकर तिवारी पिता भागवत तिवारी, बसंत कुमार पांडेय पिता नर्मदा प्रसाद समेत कूटरचित दस्तावेज तैयार करने में सहयोग करने वाले बिरस बाई खूंटे पति रघुनाथए रोशन कश्यप, भागवत प्रसाद, पटेल लाल, बंशीलाल महिलांगे, परस राम पटेल, तक्ष्वंतिन के खिलाफ एफ आईआर दर्ज करने सीएसईबी चौकी को आदेश दिया है।